BEST EMERGENCY CARE IN TRAUMA, STROKE & HEAD INJURY
जानकी न्यू लाईफ
मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल
क्रीड़ा संकुल रोड, मरारटोली, गोंदिया - 441614
EMERGENCY 75 108 57 108
डॉ. सनी सतीश जायसवाल न्यूरो सर्जन
डॉ. सौ. पूनम सनी जायसवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ

बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 22 जुलाई 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 176 | मूल्य - 5 रुपये

7 Years
SAHAYOG HOSPITAL
निःशुल्क एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी शिविर
वैधता 31 अगस्त 2026 तक
आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निःशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07



सोना, चांदी, हीरे एवं संपूर्ण हॉलमार्क ज्वेलरी के विक्रेता
नुपुर डायमंड ज्वेलरी
विश्वास, सौंदर्य और श्रेष्ठता से अलंकृत
नुपुर ज्वेलर्स
स्टेट बैंक के पास मेन रोड, बालाघाट
फोन - 07632-240753
मो. 9977229027

## सिक्किम में सुरंग ढही: 20 मजदूरों की मौत, फंसे 5 लोगों को बचाने की कोशिशें जारी..

गंगटोक, (भाषा)।

***सिक्किम के नामची जिले में निर्माणाधीन सुरंग ढहने से कम से कम 20 मजदूरों की मौत हो गई जबकि पांच से अधिक पिछले चौबीस घंटों से फंसे हुए है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने एनएचपीसी सुरंग ढहने से मारे गए प्रत्येक मजदूर के परिवार को चार-चार लाख रुपये और घायल व्यक्ति को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।***



तमांग ने बताया कि झोलुंगे के समरडुंग में नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी) तीस्ता चरण-छह जल विद्युत परियोजना के तहत निर्माणाधीन सुरंग भूस्खलन के कारण ढह गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि सोमवार को एडीआईटी-तीन सुरंग अचानक ढह गई और घटना के वक्त परियोजना अधिकारी और श्रमिकों समेत कुल 25 लोग सुरंग के अंदर फंसे हुए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री से बात करके हालात का जायजा लिया और उन्हें केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। नामची की पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम डी भूटिया ने कहा, ÷सुरंग के अंदर फंसे 25 लोगों में से 20 की मौत की पुष्टि हो चुकी है। उन्होंने बताया कि कई एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे बचाव और तलाश अभियान के दौरान 12 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सात शवों की पहचान कर ली गई है और अन्य की शिनाख्त के लिए प्रयास जारी है। इससे पहले दिन में, राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर और मुख्यमंत्री ने हालात का जायजा लेने के लिए घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से बातचीत की और निर्देश दिया कि घायल कर्मचारियों को चिकित्सीय देखभाल और मदद दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। तमांग ने एक बयान में कहा, ''हादसे में अपनी जान गंवाने वाले कर्मियों के परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। दुख की इस घड़ी में पूरे राज्य की संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ है और हम इस मुश्किल घड़ी में मजबूती से उनके साथ खड़े हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जारी बचाव अभियान की करीब से निगरानी कर रहे हैं। तमांग ने बताया कि नामची जिला प्रशासन, सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए), सिक्किम पुलिस, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं और पाकयोंग व सिलीगुड़ी से आए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम के साथ अन्य एजेंसियां सुरंग के अंदर फंसे शेष श्रमिकों के शव निकालने के लिए लगातार काम कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नामची जिले के समरडुंग, झोलुंगे में एनएचपीसी तीस्ता चरण-छह जल विद्युत परियोजना के तहत निर्माणाधीन सुरंग में हुई दुखद घटना के बाद माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझसे (फोन पर) बात की और मौजूदा हालात तथा जारी बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ली।'' उन्होंने यह भी कहा, ''प्रभावित श्रमिकों और उनके परिवारों के प्रति उनकी चिंता और संवेदना भरे शब्दों के साथ-साथ भारत सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन इस कठिन घड़ी में सिक्किम के लोगों के लिए एक बड़ा संबल बना है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि शाह ने उनसे फोन पर बात की और स्थिति की समीक्षा एवं जारी बचाव कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा, ''मैंने उन्हें जारी बचाव कार्यों और एनडीआरएफ तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर राज्य सरकार द्वारा की जा रही कोशिशों के बारे में जानकारी दी।'' तमांग ने कहा कि शाह ने इस घटना पर गहरी चिंता जताई और केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## गोंदिया के डॉ. अभिषेक भालोटिया का नया कीर्तिमान, एक ही दिन में की 8 सफल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर के यूनाईटेड हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक भालोटिया और उनकी अनुभवी टीम ने जहां घुटने के दर्द और तड़फ से सैकड़ों लोगों को निजात दिलाने का कार्य किया है, वहीं अब डॉ. अभिषेक भालोटिया ने एक नया कीर्तिमान रचते हुए एक ही दिन में 8 सफल नी रिप्लेसमेंट (टीकेआर) सर्जरी कर चिकित्सा क्षेत्र में नया कीर्तिमान***



स्थापित किया है। यह उपलब्धि आधुनिक तकनीक, सटीक योजना, अनुभवी मेडिकल टीम और मरीजों के विश्वास का प्रतीक मानी जा रही है। गौरतलब है कि यूनाईटेड हॉस्पिटल के डॉ. अभिषेक भालोटिया गोंदिया के प्रथम आर्थोपेडिक एवं ज्वाईंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ हैं, जिनके हस्ते ही गोंदिया में घुटने की सर्जरी शुरु हुई, तथा वर्तमान में टोटल नी रिप्लेसमेंट, टोटल हिप रिप्लेसमेंट तथा रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के विशेषज्ञ के रुप में महारथ हासिल करते हुए उन्होंने सैकड़ों मरीजों के जीवन का दर्द दूर करने में सफलता अर्जित की है।

### बड़े बड़े शहरों से अभिषेक भालोटिया से घुटनों का ऑपरेशन कराने आते है वृद्ध मरीज..

### महानगरों से भी नी रिप्लेसमेंट के लिये गोंदिया पहुंचते है मरीज..

गौरतलब है कि गोंदिया जिला अब नागपुर के विकल्प के रुप में दूसरा ऐसा जिला बनता चला जा रहा है, जहां ना सिर्फ गोंदिया, बालाघाट, भंडारा, राजनांदगांव अपितु चंद्रपुर, नागपुर, अकोला यहां तक की इंदौर और अन्य अनेक महानगरों के मरीज भी डॉ. अभिषेक भालोटिया के पास उपचार और नी रिप्लेसमेंट के लिये पहुंचते हैं। वर्ष 2023 से अब तक डॉ. भालोटिया और उनकी टीम 1,000 से अधिक रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक कर चुकी है।

### अब नी रिप्लेसमेंट के लिये घबराने की जरुरत नही..

गौरतलब है कि एक समय था कि जब घुटनों के ऑपरेशन सफल नहीं हुआ करते थे, तथा नी रिप्लेसमेंट के लिये अनेक भ्रांतियां बनी हुई थी, लेकिन बीते वर्षों में मेडिकल साईंस ने जो तरक्की की, तथा डॉ. अभिषेक भालोटिया ने भी जिस सूक्ष्मता के साथ अत्याधुनिक तकनीकियों में महारथ हासिल की, उसका परिणाम है कि अब अति बुजुर्ग मरीज को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। अपने अनुभवों और मरीज के अंदर निहित संभावनाओं के अनुरुप डॉ. अभिषेक भालोटिया नी रिप्लेसमेंट करते हैं, इसका परिणाम है कि डॉ. भालोटिया से नी रिप्लेसमेंट करवाने वाले अनेक बुजुर्ग वृद्धावस्था में भी तेज चलते और साईकिलिंग करते भी दिखाई देते हैं।



### कैसे संभव हुई एक ही दिन में 08 सफल सर्जरी..

डॉ. अभिषेक भालोटिया से पूछे जाने पर उन्होंने जगप्रेरणा को बताया कि एक ही दिन में 8 सफल सर्जरी सुनियोजित कार्यप्रणाली, सटीक मूल्यांकन और टीमवर्क के चलते सफल हुई। प्रत्येक मरीज के लिए उसकी आयु, स्वास्थ्य, जीवनशैली और आवश्यकताओं के अनुसार अलग-अलग उपचार एवं पुनर्वास योजना तैयार की जाती है, और यही एक ही दिन में 08 मरीजों की सर्जरी के दौरान की गई, जिससे बेहतर परिणाम प्राप्त हो पाया। डॉ. अभिषेक भालोटिया ने आगे बताया कि आधुनिक सर्जिकल तकनीक, उन्नत इम्प्लांट, प्रभावी दर्द प्रबंधन और नियमित फिजियोथेरेपी के कारण कई मरीज सर्जरी के कुछ घंटों बाद ही विशेषज्ञों की निगरानी में चलना शुरू कर देते हैं। अस्पताल की टीम पहली जांच से लेकर ऑपरेशन के बाद की देखभाल और फॉलो-अप तक मरीजों को निरंतर सहयोग प्रदान करती है। डॉ. अभिषेक भालोटिया ने यह भी बताया कि उनका लक्ष्य प्रत्येक मरीज को आधुनिक तकनीक, सुरक्षित उपचार, उत्कृष्ट देखभाल और तेज़ रिकवरी के माध्यम से दर्दमुक्त एवं स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गोंदिया में एक ही दिन में 8 टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की सफलता इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह मरीजों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है।

## असम में बाढ़ से हालात और बिगड़े, 21 और लोगों की मौत..

**गुवाहाटी, (भाषा)।** असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को और गंभीर हो गई। पिछले 24 घंटों में 21 और लोगों की मौत हो गई, जबकि राज्य के 16 जिलों में 5.64 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। यह जानकारी असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने देर रात जारी बुलेटिन में दी। बुलेटिन के अनुसार, सबसे अधिक प्रभावित शिवसागर जिले में 13 लोगों की मौत हुई। चराइदेव में पांच, गोलाघाट में दो और जोरहाट में एक व्यक्ति की जान गई। इसके साथ ही इस वर्ष राज्य में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि वह बुधवार से बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करेंगे। एएसडीएमए के अनुसार, बाढ़ से गोलाघाट, कामरूप, होजाई, डिब्रूगढ़, बिश्वनाथ, धेमाजी, सोनितपुर, उदालगुड़ी, नगांव, चराइदेव, कामरूप (मेट्रो), जोरहाट, तिनसुकिया, कार्बी आंगलोंग, लखीमपुर और शिवसागर सहित 16 जिलों में 5,64,600 से अधिक लोग प्रभावित हैं। सोमवार को 15 जिलों में प्रभावित लोगों की संख्या 3.63 लाख से अधिक थी।

### क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..*
*मो. 9329033433*

ग्रेसियस कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC, ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग — बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन.सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी — बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री, डी.फार्मा. 2 वर्षीय डिप्लोमा
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वीं उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड, बरबसपुर - कायदी, बालाघाट म.प्र.

स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन | फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
Color Doppler | Power Doppler Imaging
B-flow Imaging | Tissue Harmonic Imaging
Transrectic & TV Sonography
Pediatric Sonography | Orbital Sonography
Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
Neonatologist Neurosonogram
2 D Echo Cardiography | Foetal Echo
Whole Body Ct Scan | Digital X-ray Digital
Radiography System | M.R.I.
DIGITAL X-RAY
2D, 3D/4D High Resolution Sonography
2D Echo
Colour Doppler
Siemens Gramy Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
SONOGRAPHY | X-RAY | CT SCAN
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time /Full Time | AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology /Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800





जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई



मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा
मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में बालाघाट में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी, जलाये टायर..

### शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के साथ नेपाल और श्रीलंका की तानाशाही को भारत में मोदी सरकार द्वारा अपनाए जाने के लगाए आरोप..

### कहा, देश का नौजवान गुस्से में..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***20 जुलाई को देश की राजधानी दिल्ली में नीट परीक्षा में धांधली के आरोपों पर प्रदर्शन के उपरांत कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गिरफ्तार एवं केन्द्रिय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए आज 21 जुलाई को रात 8.30 बजे बालाघाट के हनुमान चौक में एकजुट होकर कांग्रेस नेताओं ने विरोध***

प्रदर्शन स्वरुप टायर जलाए, और नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए केन्द्रिय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की।

### बोले शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी..

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने बताया कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट मामले को लेकर छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों के समर्थन में प्रधानमंत्री आवास के पास धरना दे रहे राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, जो पूरी तरह असंवैधानिक है। श्याम पंजवानी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पुलिस बल के दम पर विपक्ष और युवाओं की आवाज दबा रही है। उन्होंने देश के वर्तमान हालातों की तुलना पड़ोसी देशों में हुए तख्तापलट से करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस्तीफा देना चाहिए।

### बोले अनुप सिंह बैस..

कांग्रेस नेता अनुप सिंह बैस ने कहा कि यह हमारा भारत देश वही देश है, जब एक रेल एक्सीडेंट हुआ था, और देश के रेल मंत्री के रुप में तत्कालीन रेल मंत्री लालबहादुर शास्त्री ने अपना इस्तीफा दे दिया था, आज उसी देश में अराजकता का माहौल है। उसी देश में 23 बच्चों की आत्महत्या के बाद भी जिम्मेदारी लेकर शिक्षा मंत्री इस्तीफा देने तैयार नहीं है, और प्रधानमंत्री उनका संरक्षण कर रहे हैं, यह अराजकता का सबसे बड़ा उदाहरण है। अनुप सिंह बैस ने आगे कहा कि हमारे नेता माननीय राहुल गांधी छात्र छात्राओं के आंदोलन में शामिल हुए, तो उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया, और उनको भी चोटें आई है। श्री बैस ने कहा कि जिस तरह की बर्बरता दिल्ली पुलिस ने की है, हजारों छात्र छात्राओं पर भी बर्बरतापूर्वक लाठियां भांजी गई है, उन्हें लहुलुहान किया गया है, सोशल मीडिया पर वह दृश्य देश की जनता ने देखा है, सरकार जिस तरह से नौजवानों की भावनाओं को कुचल रही है, देश में श्रीलंका और नेपाल जैसे हालात पैदा हो रहे हैं। देश में नौजवान आक्रोशित हो रहा है, सरकार को अपनी निरंकुशता पर अंकुश लगाना होगा अन्यथा देश के नौजवानों को नियंत्रित करना असंभव होगा।

### यह रहे उपस्थित..

कांग्रेस के प्रदर्शन आंदोलन के दौरान प्रमुख रुप से विजय अग्रवाल, रहीम खान, जुगल शर्मा, शमीम सिद्दीकी, शफकत खान, हरप्रित कौशल, महेश सहारे, शफकत खान, राहुल सिंह बैस, जीतु बर्वे, पियुष सिंह बैस, महेन्द्र पचौरी, धर्मेन्द्र कुरील, धर्मेन्द्र बोपचे संहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। कांग्रेसियों ने जोर शोर से आंदोलन के दौरान मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

# कलेक्टर मृणाल मीना ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समक्ष में की सुनवाई..

### सभी 15 प्रकरणों का कराया निराकरण..

### लापरवाही पर कृषि अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश..

### जनजातीय कार्य विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी पर भी कार्रवाई होगी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने मंगलवार को कृषि, स्वास्थ्य एवं जनजातीय कार्य विभाग से संबंधित 50 दिनों से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समक्ष में सुनवाई कर उनका निराकरण कराया। सुनवाई के दौरान कुल 15 शिकायतों पर विचार किया गया, जिनमें से कुछ शिकायतों का एक दिन पूर्व ही निराकरण कर दिया गया था। कलेक्टर ने सभी शिकायतों को शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के साथ बंद कराने के निर्देश दिए।***

कृषि विभाग की शिकायतों पर हुई कार्रवाई..

कृषि विभाग से संबंधित शिकायतों में बैकठरांव चौधरी, रेखलाल एवं वीना परिहार ने शिकायत की थी कि सरसों की फसल का पंजीयन कराने के बावजूद शासन द्वारा खरीदी नहीं की गई। सुनवाई के दौरान अधिकारियों ने बताया कि भावांतर योजना के अंतर्गत सरसों की खरीदी की गई थी, लेकिन संबंधित किसानों ने मंडी में व्यापारियों को सरसों का विक्रय नहीं किया था, क्योंकि उस समय मंडी में समर्थन मूल्य से अधिक कीमत मिल रही थी। इस जानकारी के बाद शिकायतों का निराकरण कर दिया गया। वहीं परसवाड़ा विकासखंड के तीजूलाल एवं विजेंद्र हरिनखेड़े ने कोसमी स्थित बजरंग कृषि केंद्र द्वारा धान का नकली बीज अधिक कीमत पर बेचने की शिकायत की थी। अधिकारियों ने बताया कि शिकायत का निराकरण कर दिया गया है तथा कृषि केंद्र संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### प्रसूति सहायता राशि की शिकायतों का होगा शीघ्र भुगतान..

स्वास्थ्य विभाग की लंबित पांच शिकायतों की सुनवाई के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि सभी शिकायतें संबल योजना के अंतर्गत प्रसूति सहायता राशि नहीं मिलने से संबंधित थीं। सभी प्रकरणों में सहायता राशि स्वीकृत कर दी गई है। कुछ हितग्राहियों के खातों में राशि जमा हो चुकी है, जबकि शेष हितग्राहियों के खातों में अगले दो दिनों के भीतर राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी।

### छात्रवृत्ति संबंधी शिकायतों का भी निराकरण..

जनजातीय कार्य विभाग की पांच लंबित शिकायतों की सुनवाई के दौरान सहायक आयुक्त श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि सभी शिकायतें छात्रवृत्ति भुगतान से संबंधित थीं। इनका निराकरण कर दिया गया है तथा संबंधित छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में शीघ्र छात्रवृत्ति की राशि जमा कराई जाएगी।

### लापरवाही पर जताई नाराजगी, कार्रवाई के निर्देश..

सुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की कि शिकायतें समक्ष सुनवाई के लिए चिन्हित होने के बाद ही तत्परता से हल की गई, जबकि उनका निराकरण पहले भी किया जा सकता था। उन्होंने परसवाड़ा के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायत के निराकरण में लापरवाही बरतने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही जनजातीय कार्य विभाग के संबंधित जिम्मेदार कर्मचारी के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मीना ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रसूति सहायता एवं जननी सुरक्षा योजना से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि इस श्रेणी की कोई भी शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने सभी विभागों को समय-सीमा में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर आमजन को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# दो साल से पुल विहीन ग्राम माना-लपटी के ग्रामीण भारी बारिश में 140 किमी सफर कर पहुंचे कलेक्ट्रेट..

### शुभम हीरासन उईके के नेतृत्व में पुल निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन..

### कहा 15-20 अगस्त तक काम शुरू नहीं हुआ तो कलेक्ट्रेट के सामने धरने की चेतावनी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बैहर तहसील के गढ़ी क्षेत्र स्थित ग्राम माना और लपटी के ग्रामीण मंगलवार 21 जुलाई को भारी बारिश के बीच अपनी वर्षों पुरानी समस्या लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे। करीब 140 किलोमीटर का सफर तय कर आए ग्रामीणों ने ग्राम पहुंच मार्ग पर पक्का पुल निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि 15 से 20 अगस्त तक पुल निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे।***

मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शुभम उईके के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने पहले अंबेडकर चौक पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद ÷पुल बनाओ, गांव बचाओ÷ और ÷ग्रामीणों को न्याय दो÷ जैसे नारों के साथ रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई।

### 2023 की अतिवृष्टि में बह गया था पुल

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2023 में हुई अतिवृष्टि के दौरान माना और लपटी के बीच बना पुल पूरी तरह बह गया था। इसके बाद से दोनों गांवों का संपर्क प्रभावित है। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आपसी सहयोग से लकड़ी का अस्थायी पुल तैयार किया था, जबकि प्रशासन ने भी वैकल्पिक व्यवस्था की थी, लेकिन वह अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और आवागमन के लिए सुरक्षित नहीं रह गई है।

### पांच बार लगा चुके हैं गुहार, हर बार मिला सिर्फआश्वासन

ग्रामीणों का आरोप है कि बीते दो वर्षों में वे पांच बार जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रशासन से पुल निर्माण की मांग कर चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। उनका कहना है कि अब तक धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।

### बरसात में मरीजों और छात्रों को सबसे अधिक परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के मौसम में स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है। यदि गांव में कोई बीमार हो जाए तो एंबुलेंस पुल तक ही पहुंच पाती है और मरीज को चारपाई या अन्य साधनों से नदी पार कराना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर मरीजों के लिए यह स्थिति जानलेवा साबित हो सकती है। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि बरसात में रास्ता पूरी तरह बाधित हो जाता है।

### शुभम उईके बोले– बड़ी घटना होने से पहले प्रशासन जागे



आंदोलन का नेतृत्व कर रहे शुभम उईके ने कहा कि लगातार निवेदन के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पुल का निर्माण नहीं हुआ तो किसी भी दिन गर्भवती महिला, मरीज या स्कूली बच्चों के साथ बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की।

### ज्ञापन में रखीं तीन प्रमुख मांगें

ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखीं। 1. बरसात के दौरान आवागमन के लिए तत्काल वैकल्पिक लोहे का पुल स्थापित किया जाए। 2. माना-लपटी मार्ग पर स्थायी पक्के पुल का निर्माण शीघ्र शुरू किया जाए। 3. पुल निर्माण के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित कर कार्य तेजी से पूरा कराया जाए।

### अगस्त में काम शुरू कराने का आश्वासन

**कलेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अगस्त माह में पुल निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। हालांकि ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया कि यदि 15 से 20 अगस्त के बीच निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे कलेक्ट्रेट के सामने धरना देंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ग्रामीणों का कहना है कि अब वे केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जमीन पर पुल निर्माण का कार्य शुरू होते देखना चाहते हैं।**

# बालाघाट के सीए बलजीत सिंह छाबड़ा को पीएचडी की उपाधि प्राप्त..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***नगर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए बलजीत सिंह छाबड़ा को बिजनेस मैनेजमेंट एवं सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपलब्धि उनके वर्षों के परिश्रम, समर्पण एवं शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। सीए बलजीत सिंह छाबड़ा लंबे समय से***

वित्त, कराधान, सामाजिक सेवा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी इस शैक्षणिक उपलब्धि से परिवार, मित्रों एवं समाज में हर्ष एवं गर्व का वातावरण है। इस अवसर पर डॉ. बलजीत सिंह छाबड़ा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार को देते हुए अपने पूजनीय पिताजी श्री कुलदीप सिंह छाबड़ा के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके संस्कार, आशीर्वाद एवं जीवन मूल्यों ने उन्हें सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही, उन्होंने अपनी आदरणीय माताजी के प्रति भी विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके स्नेह, त्याग, आशीर्वाद एवं निरंतर प्रोत्साहन ने उन्हें जीवन के प्रत्येक चरण में आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान की। उन्होंने कहा कि माता-पिता का आशीर्वाद ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी पूंजी है। अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अमृत छाबड़ा का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी ने हर कदम पर उनका उत्साहवर्धन किया और कठिन समय में भी उनका पूर्ण सहयोग किया, जिसके बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी।

डॉ. छाबड़ा ने अपने बड़े भाई श्री कमलजीत सिंह छाबड़ा का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर मार्गदर्शन, प्रेरणा, स्नेह एवं सहयोग ने उन्हें इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि बड़े भाई सदैव एक अभिभावक की तरह उनके साथ खड़े रहे और हर परिस्थिति में उनका उत्साह बढ़ाते रहे।

डॉ. छाबड़ा ने कहा कि यह उपाधि केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उनके परिवार के त्याग, सहयोग एवं आशीर्वाद का परिणाम है तथा यह युवाओं के लिए उच्च शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर परिवारजनों, मित्रों, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने डॉ. सीए बलजीत सिंह छाबड़ा को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।*


### क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बंडोल पुलिस की कार्रवाई - मादक पदार्थ गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार..

### 212 ग्राम अवैध गांजा जप्त, कीमत लगभग 2500 रुपये..

### 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के तहत सख्त कार्रवाई जारी..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं **SDOP** सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान एवं अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत थाना बंडोल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

दिनांक 20.07.2026 को थाना प्रभारी बंडोल उप निरीक्षक मनोज कुमार जंघेला के नेतृत्व में पुलिस टीम नशामुक्ति अभियान एवं अपराध पतासाजी हेतु भ्रमण पर थी। इसी दौरान ग्राम बंखारी स्थित पेट्रोल पंप, जरौंदा चौक पुलिया के पास एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर हमराह स्टाफद्वारा तत्परता से उसे पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास एक पॉलीथीन में पेपर में लपेटकर 212 ग्राम मादक पदार्थ गांजा अवैध रूप से रखा हुआ पाया गया। पूछताछ पर अपना नाम महादेव पिता दयाराम प्रजापति, उम्र 34 वर्ष, निवासी बखारी, थाना बंडोल बताया। आरोपी के पास मादक पदार्थ रखने का कोई वैध दस्तावेज/लाइसेंस नहीं होने पर उक्त गांजा को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया।

### वैधानिक कार्रवाई..

आरोपी के विरुद्ध **NDPS** एक्ट के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। **जप्त संपत्ति**- कुल 212 ग्राम मादक पदार्थ गांजा, कीमत लगभग 2500 रुपये। **गिरफ्तार आरोपी**-महादेव पिता दयाराम प्रजापति, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम बखारी, थाना बंडोल, जिला सिवनी।

### सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि. मनोज कुमार जंघेला, सउनि. राजेन्द्र ठाकुर, प्र.आर. संदेश परतेती, आर. राहुल कुशवाहा, म.आर. श्रीमती शानू नागरे की सराहनीय भूमिका रही।

# मिलावटी व सिंथेटिक दूध पर सिवनी में विशेष अभियान..

### डेयरी एवं दूध विक्रेताओं से लिए गए नमूने..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
महाराष्ट्र में सिंथेटिक एवं मिलावटी दूध के मामले सामने आने के बाद आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिवनी एवं पदेन उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का विशेष जांच दल गठित कर विभिन्न डेयरियों, दूध विक्रेताओं एवं पनीर निर्माण स्थलों की सघन जांच की जा रही है।

इसी क्रम में सोमवार 21 जुलाई 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार परते, श्रीमती सोनू तिवारी, श्रीमती वंदना थागले एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों के विशेष जांच दल ने जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान कुकलाहा स्थित साहू दूध डेयरी से पनीर का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक मानकों से संबंधित कमियां पाए जाने पर संचालक को सुधार सूचना (इम्प्रूवमेंट नोटिस) जारी किया गया।

जांच दल ने फुटकर दूध विक्रेताओं से भी नमूने लिए। संतोष कुमार साहू, कुकलाहा से गाय एवं भैंस के मिश्रित दूध का तथा कृष्ण कुमार ठाकुर, पलारी से दूध का नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजने की कार्रवाई की गई। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। विभिन्न दूध डेयरियों, पनीर निर्माण इकाइयों एवं फुटकर विक्रेताओं पर नियमित निगरानी रखी जा रही है। यदि किसी भी प्रतिष्ठान में मिलावटी अथवा अमानक दूध एवं दुग्ध उत्पादों का विक्रय पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

# दलदल में तब्दील हुई सड़क, आवागमन में हो रही ग्रामवासीयों को भारी परेशानी..



**जगप्रेरणा छपारा।**
***विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत तेंदानी के ग्राम बड़पानी से गणेश टोला जाने वाली सड़क दलदल में तब्दील हो गई जिससे उक्त सड़क से पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है।***

ज्ञात हो कि जनपद पंचायत छपारा अंतर्गत उप तहसील चमारी क्षेत्र की ग्राम पंचायत तेंदनी में बरसात के दौरान गांव के आसपास की सड़कें कीचड़ और जलभराव की चपेट में हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत क्षेत्र की आंतरिक सड़कों की लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को हो रही है, जिन्हें प्रतिदिन कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि तेंदनी ग्राम से गणेश टोला जाने वाले मार्ग की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है विगत दिनों उक्त सड़क पर पंचायत के जिम्मेदारो के द्वारा मुरम और गिट्टी के चूरा की जगह नाले से निकला हुआ कीचड़ युक्त मिट्टी और काली रेत डाली गई जिससे उक्त मार्ग की हालत और बदतर हो गई और सड़क से पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया

स्थानीय पंचायत में कई बार ग्रामीणों द्वारा शिकायत के बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में जनसमस्याओं के समाधान पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

ग्राम पंचायत क्षेत्र के पवन सिंह, दिलीप सिंह, राहुल, विनोद, दुर्वेश, ब्रजराम, बसंत, व्हिरूप सिंह, हीरालाल, राजकुमार ठाकुर, कैलाश ठाकुर, इमरान खान आदि अन्य ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान सरपंच व सचिव के कार्यकाल में सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हो रहा है, जबकि बरसात में इनका तत्काल समाधान किया जाना आवश्यक है।

### बोले प्रभारी सचिव ईश्वर सिंह..

ग्राम पंचायत व्दारा एक सप्ताह पहले ही लगभग 50 ट्रॉली मुरम डाली गई थी लगातार बरसात होने के कारण सड़क में फिर दलदल हो गया।

# भोगाखेड़ा हाई स्कूल में हुआ छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण



**जगप्रेरणा सिवनी।**
***विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से शासकीय हाई स्कूल भोगाखेड़ा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।***

इस दौरान चिकित्सकों की पहुंची टीम द्वारा उपस्थित छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही उन्हें सलाह दी गई की वह अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे अगर आप स्वस्थ रहेंगे तो आपका मन पढ़ाई में लगा रहेगा और आप अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं इस दौरान छात्राओं को आवश्यकता अनुसार गोलियां दी गई। इस दौरान डॉक्टर नरेंद्र डेहरिया डॉक्टर नेहा अभिषेक एवं संस्था प्राचार्य विपनेश जैन एवं स्टाफके वेद प्रकाश राय शोभा दुबे मुरलीधर रांहग डाले हेमराज शरणागत पारुल डूबे वीणा तिवारी श्रद्धा साहू उपस्थित रहे छात्रों के इस परीक्षण को लेकर ग्राम वासियों ने इसकी भूरी भूरी प्रशंसा की।

# सर्किट हाउस चौक पर सड़क बनी सब्जी मंडी, आये दिन हो रही दुर्घटना

### नवनिर्मित सड़क पर सज रही दुकानें, संकरा हुआ मार्ग, कार्रवाई का इंतजार..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
जिला मुख्यालय का सबसे महत्वपूर्ण और वीआईपी मार्ग इन दिनों अतिक्रमण की चपेट में है। सर्किट हाउस चौक से अंबेडकर चौक तक नवनिर्मित सड़क के एक हिस्से पर प्रतिदिन सब्जी एवं अन्य अस्थायी दुकानों का बाजार सज रहा है।

कलेक्ट्रेट गेट से महज 100 मीटर की दूरी पर सड़क पर हो रहे इस कब्जे के कारण मार्ग संकरा हो गया है। नतीजतन यहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के एक ओर सब्जी विक्रेताओं के बैठने और ग्राहकों द्वारा सड़क किनारे वाहन खड़े किए जाने से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है। कई बार दोनों ओर से वाहन आने पर लंबा जाम लग जाता है। कार्यालयीन समय और शाम के समय लोगों की अधिक आवाजाही होने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

सबसे चिंता की बात यह है कि इसी मार्ग से जिला अस्पताल आने-जाने वाली एम्बुलेंस भी गुजरती हैं। विडंबना यह है कि इसी सड़क से प्रतिदिन कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का आवागमन होता है। इसके बावजूद लंबे समय से सड़क पर हो रहे इस अतिक्रमण को हटाने के लिए कोई स्थायी कार्रवाई नहीं हो सकी है। कभी-कभार औपचारिक अभियान चलाकर दुकानों को हटाया जाता है, लेकिन अगले ही दिन सड़क फिर बाजार में तब्दील हो जाती है।

इस स्थिति को लेकर लोगों में सवाल उठने लगे हैं कि जब जिला मुख्यालय के सबसे महत्वपूर्ण मार्ग पर ही अतिक्रमण और अव्यवस्था बनी हुई है, तो शहर के अन्य क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि सर्किट हाउस चौक से अंबेडकर चौक तक सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को तत्काल हटाकर स्थायी व्यवस्था बनाई जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो अनियंत्रित यातायात और जाम के कारण किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

# हाईस्कूल भोंगाखेड़ा में गुरुपूर्णिमा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन..





**जगप्रेरणा सिवनी।**
***शासकीय हाई स्कूल भोंगाखेड़ा में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया और जिन विद्यार्थियों ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्हें संस्था की ओर से पुरस्कार वितरण किया गया।***

तनु डेहरिया प्रथम, अनुज जांघेला द्वितीय, सिमरन पंचेश्वर तीसरा ने स्थान प्राप्त किया जिसमें सेवानिवृत्त प्राचार्य गणेश अग्रवाल संस्था प्राचार्य विपनेश जैन प्रधानपाठक संजय तिवारी, श्रीनिवास शर्मा एवं समस्त शिक्षक स्टाफ में वेदप्रकाश राय, शोभा दुबे, मुरलीधर राहांगडाले, हेमराज शरणागत, वीणा तिवारी, पारुल दुबे श्रद्धा साहू, की उपस्थिति रही ।

# बसन्त उत्सव समिति द्वारा साहित्य कारों का सम्मान 25 जुलाई को..

**जगप्रेरणा सिवनी।**
**वरिष्ठ साहित्यकार अरविन्द मानव के75 वें जन्मदिन एवं हीरक जयंती महोत्सव एंव गणेश गुप्ता का सार्वजनिक अभिनन्दन समारोह बसन्तोत्सव समिति सिवनी के तत्वाधान में 25 जुलाई को शाम 5 बजे नटराज हाटल में आयोजित किया गया है**

**बसन्त उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डां रामकुमार चतुवेर्दी ने समस्त साहित्यकारों से पहुंचने की अपील की है।**

# 01 जून से अब तक जिले में 376.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**जगप्रेरणा सिवनी।**
21 जुलाई 2026/ जिले में मानसून की गतिविधियां लगातार जारी हैं। भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय द्वारा जारी दैनिक वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार 01 जून से 21 जुलाई 2026 तक

जिले में 376.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। वहीं 21 जुलाई को जिले में 20.5 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई। दैनिक प्रतिवेदन के अनुसार 21 जुलाई को बरघाट तहसील में 9.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

इसके अतिरिक्त कुरई में 17.0 मिमी, छपारा में 26.2 मिमी, सिवनी में 13.8 मिमी तथा घंसौर में 25.0 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं केवलारी में 45.0 मिमी, लखनादौन में 12.0 मिमी और धनौरा में 16.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 01 जून से 21 जुलाई तक हुई संचयी वर्षा के अनुसार बरघाट में 539.3 मिमी, केवलारी में 426.2 मिमी, सिवनी में 440.2 मिमी, लखनादौन में 418.4 मिमी, कुरई में 364.0 मिमी, छपारा में 322.6 मिमी, धनौरा में 270.0 मिमी तथा घंसौर में 229.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक कुल 3011.4 मिमी वर्षा तथा 376.4 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

पिछले वर्ष 21 जुलाई 2025 तक जिले में 620.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी। उस अवधि में सिवनी में 538.4 मिमी, कुरई में 304.0 मिमी, बरघाट में 419.7 मिमी, केवलारी में 781.4 मिमी, छपारा में 686.5 मिमी, लखनादौन में 529.3 मिमी, धनौरा में 651.9 मिमी तथा घंसौर में 1052.0 मिमी संचयी वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

# कन्या महाविद्यालय में हुआ नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
***शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में ''नशे से दूरी है जरूरी 2.0'' अभियान के अंतर्गत नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश सरवैया के संरक्षण में एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रो. रामदीन भलावी के मार्गदर्शन में किया गया।***

जिसके अंतर्गत नशे के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु निबंध, स्लोगन, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बहुत सी छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान कु. जयंती पटेल एम. ए. अर्थशास्त्र, द्वितीय स्थान- सुमन सनोडिया, बी.एस.सी प्रथम वर्ष एवं भूमिका विश्वकर्मा बी.एस.सी प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान कु. शालिनी भलावी बी.एस.सी द्वितीय वर्ष, कु. वंशिका नामदेव बी.एस.सी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।

पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान कु. जयंती पटेल, द्वितीय स्थान - कु.सीमा चक्रवर्ती, तृतीय स्थान - कु. अन्नू सनोडिया बी.एस.सी चतुर्थ वर्ष, कु.मुस्कान बी.एस.सी द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया, साथ ही जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रथम स्थान कु. जयंती पटेल एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान कुमारी सुष्मिता सनोडिया एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान कुमारी अन्नु सनोडिया बी.एस.सी चतुर्थ वर्ष ने प्राप्त किया।

नशा उन्मूलन गतिविधि के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अभियान में महाविद्यालय की विभिन्न संकाय की छात्राओं ने इन समस्त प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर संस्था एवं समाज में जागरूकता फैलाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में प्रो. नरेंद्र भीमटे, प्रो. पंकज शेंडे, प्रो. लक्ष्मी मेश्राम, प्रो. हर्षा बघेल, मो. राशिद खान, डॉ. अर्पणा अवस्थी एवं डॉ. समिता शर्मा की उपस्थिति रहीं।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जनता दरबार का फैसला, प्रतिमाओ के विसर्जन के विषय मे नहरो पर बनेगे घाट, हाईमास्क की मिलेगी सुविधा..

### बरसते पानी मे भी जनता ने दिखाया उत्साह, दरबार मे गंभीर समस्याओ का हुआ समाधान





**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***आज नपा परिषद के जनता दरबार मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, उपयंत्री अंशिका चैहान, पार्षदगणो, प्रभारीयो ने जनमानस की समस्याओ के समाधान मे जंहा गंभीरता दिखायी।***

वहीं जनमानस ने भी बरसते पानी मे आकर अपने अपने वार्डो की विभिन्न समस्याओ को लिखित मे सामने रखा।

नपा परिषद मे रानी दुर्गावती नगर की महिलाओ की टीम ने आकर सबसे पहले पेयजल की समस्या से अवगत कराया। इन महिलाओ ने जानकारी देते हुये बताया की पूर्व मे जंहा तक मकान बने थे। वंहा तक तो नपा ने पेयजल की पाईप लाईन बिछा दी थी। किंतू अब लगभग देड दर्जन मकान और बन जाने से इन मकानो के निवासीयो को पेयजल की दिक्कत जा रही है। कुछ बोर भी फेल होने से इस समस्या के समाधान के साथ नाली निर्माण भी निंतात आवश्यक है। जिस पर तत्काल पेयजल प्रभारी सुरेन्द्र लडकर को नयी पाईप लाईन के लिये प्रक्रिया प्रारंभ कर अधिकारीयो की टीम को स्थल निरिक्षण के निर्देश प्रदान किये गये।

इसी तरह नपा परिषद ने वार्ड एक व पवार मंगल भवन के सामने की नहर पर दोनो तरफ घाट निर्माण करने का निर्णय लेकर कार्य करने वाली एंजेसी को निर्देश प्रदान किये। गौरतलब है की इन दोनो जगहो की नहरो पर विशेषकर जन्माष्टमी, गणेश स्थापना व मातारानी की स्थापना के बाद विसर्जन के समय भारी भीड के होने व किसी भी हादसे को टालने के लिये घाट निर्माण का निर्णय लेकर दोनो जगह बडे बडे हाईमास्क लगाने के भी निर्देश जारी कर दिये गये है।

जनता दरबार मे आज नगर के गांधी बाल उद्वान मे प्राकर्तिक सौंदर्य को बढाने के लिये वन्य जीवो सहित अन्य स्टेचू लगाकर एक आकर्षक व जींवत माहौल निर्मित करने का निर्णय लिया गया। साथ लाईटिंग व्यवस्था को नवीन स्वरूप प्रदान कर गार्डन की एक विशिष्ट पहचान बनाने के निर्णय को भी इसमे शामिल किया गया।

जनता दरबार मे आज अधिकारीयो के द्वारा पेश किये गये प्रतिवेदन के बाद नगर मे बिना अनुमति के चल रहे अनेको निर्माण कार्य को रोकने के भी निर्देश टीम को प्रदान किये गये। साथ ही इन निर्माण कार्यो से सडक से पर्याप्त दूरी व भविष्य के डाइंग डिजाइन के शासकीय कार्यो मे यातायात व्यवस्था मे कोई बाधा न आ सके, इस विषय पर भी स्थल पर जाकर निरिक्षण करने के निर्देश प्रदान किये गये। दरबार मे आज भी वार्डो मे सडक, नाली, सहित किचडनूमा जगह पर चिल्ली डलवाने के अनेको आवेदनो पर प्राथमिकता अनुसार निर्णय लिया गया।

# भ्रस्टाचार मे लिप्त कर्मचारी पर कार्यवाही करने से बच रहे अधिकारी

**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***वारासिवनी वार्ड नं 10 मे सर्विस क्रमांक 1510006377 के घरेलु कनेक्शन मे कुछ माह पुर्व बिजली के अनाधिकृत उपयोग का पंचनामा क्रमांक BGT 20260604125521356 (वाट्स अप मे भेजे मेसेज के आधार पर )***

राहुल तुरकर सहायक यंत्री वारासिवनी गौरीशंकर भगत टी ए ग्रेड 2 वारासिवनी शहर व अन्य लाइन कर्मचारी की उपस्थिति मे बनाया गया था पंचनामा कार्यवाही के बाद उपभोक्ता प्रतिनिधि नितिन जैन ने बिलिंग के बारे मे गौरीशंकर भगत से पुछा तो उन्होने बताया की 12 माह की रिकव्हरी निकलेगी जो 15000/द्रुरु होगी यदि आप इसका भुगतान अभी कर देते हो तो मै राशि जमा कर आपको रसीद पहुंचा दुंगा और प्रकरण समाप्त हो जायेगा तो नितिन जेन ने अपने किराएदार के सामने 15000/द्रुरु गौरीशंकर भगत को दिए और प्रकरण को समाप्त मान लिया ।

## कैसे हुआ खुलासा

नितिन जैन ने बताया कि वह अपनी दुकान मे वेल्डिग का काम अपने घर मे लगे मीटर कनेक्शन से करवा रहे थे उसी समय बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी मेरे परीसर मे आये और जांच कर स्थल निरीक्षण कर पंचनामा कार्यवाही कर वीडियो ग्राफी की राहुल तुरकर सफ नगरपालिका के पास किसी से बात करने चले गये तो गौरीशंकर भगत के बताये अनुसार राशि 15000/द्रुरु अपने किरायेदार के सामने गौरीशंकर भगत को दी जिस पर उन्होने प्रकरण समाप्त कर रसीद पहुंचाने का आश्वासन दिया लेकिन रसीद नही पहुंचाई न ही पंचनामा की कांपी दी न ही नियमानुसार दिया जाने वाला अंनतिम निर्धारण प्रपत्र दिया गया जिसमे बिलिंग का पुरा विवरण होता है।

नितिन जैन ने आगे बताया कि कुछ समय बाद उनके मोबाइल पर बिजली के अनाधिकृत उपयोग का प्रकरण बनाये जाने की सुचना दी गई जिसमे प्रतिवेदन का मांगपत्र की जानकारी दी गई और राशि के भुगतान हेतु लिंक दी गई लिंक खोलने पर नो वेल्ड डिमांड नोट फाउन्डेशन दिस डिमांड नोट लिखकर आ रहा था जिससे मुझे यकीन हो गया कि मेरे प्रकरण की राशि जमा होकर प्रकरण समाप्त हो गया है।

लेकिन माह मई का जो बिल जुन माह मे 5159/द्रुरु का भुगतान हेतु दिया गया था जिसका भुगतान 11/06/2026 को कर दिया गया था उसके बाद माह जुन के अंत मे 15609/द्रुरु विजिलेंस रिकव्हरी की राशि जोडकर दुसरा देयक मोबाइल पर भेजा गया चुंकि मेरे व्दारा प्रकरण की राशि का भुगतान गौरीशंकर भगत को आन स्पाट कर दिया गया था अतः इसकी सुचना कार्यपालन यंत्री और सहायक यंत्री को लिखित आवेदन के व्दारा दी दिनांक 02/07/2026 को दी गई कि उक्त राशि मेरे व्दारा गौरीशंकर भगत को आन स्पाट 15000/द्रुदे दी गई है अतः उक्त राशि गौरीशंकर भगत से जमा करवाकर शेष 609 /द्रुराशि मुझसे ली जाये लेकिन आवेदन पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही किसी भी अधिकारी ने नही की।

नितिन जैन ने आगे बताया कि चुंकि बिजली प्रकरण की राशि देयक मे जोडकर दी गई थी और यदि मेरे व्दारा देयक का भुगतान नही किया जाता तो विभाग व्दारा परिसर कीलाइन विच्छेद की कार्यवाही की जा सकती थी अतः मेरे व्दारा पुनः एक आवेदन कार्यपालन यंत्री को दिनांक 10/07/2026 को दिया गया जिसमे विजिलेंस राशि हटाकर चालु माह के देयक की राशि का भुगतान करने की अनुमति चाही गई लेकिन कार्यपालन यंत्री व्दारा मेरे आवेदन पर कोई कार्यवाही नही की।

नितिन जैन ने आगे बताया कि भुगतान की अंतिम तिथि निकलने के बाद कार्यपालन यंत्री से उनके मोबाइल नं 9425806294 पर संपर्क किया और प्रेषित आवेदन की कांपी वाट्स अप की तब दिनांक 17/00/2026 को चालु माह का देयक भुगतान हेतु दिया गया जिसे मेरे व्दारा गुगल पे के माध्यम से मय सरचार्ज के भुगतान कर दिया गया है।

नितिन जैन ने कार्यपालन यंत्री और सहायक यंत्री से मांग की है मंडल कंपनी के खाते मे जमा होने वाली राशि का दुरुपयोग करने वाले कर्मचारी पर तत्काल कार्यवाही कर उनसे विजिलेंस रिकव्हरी की राशि जमाकर रसीद पहुंचाई जाये और प्रकरण समाप्ति पत्र की कांपी भी साथ मे संलग्न की जाये। यदि गौरीशंकर भगत व्दारा उपभोक्ता से ली गई राशि कंपनी के खाते मे पूर्व मे जमा कर दी गई है और भूलवश प्रकरण मे एंट्री होना भुल गये हैं और भूलवश देयक मे राशि जोडी गई है तो लिखित मे सेचित करें नितिन जैन ने बताया की यदि रसीद और प्रकरण समाप्ति का पत्र नही दिया जाता तो मजबुरन प्रकरण न्यायालय मे पेश करने मजबुर होना पडेगा।

# स्वैच्छिता पर्व अन्तर्गत मोक्षधाम गढी में रोपे गए पौधे..



**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

***स्वैच्छिकता पर्व अन्तर्गत विकासखंड बैहर के सेक्टर क्रमांक 5 गढी की सेक्टर स्तरीय बैठक में बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की नियमित एवं सेक्टर स्तरीय बैठकों के आयोजन, समितियों के***

दस्तावेजीकरण, संस्कार केंद्रों के संचालन, आदर्श ग्राम निर्माण, नर्सरी स्थापना, समितियों के बोर्ड लगाए जाने तथा सभी गतिविधियों की जानकारी एमआईएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने पर विशेष जोर दिया गया।

साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के तीन चरणों की जानकारी, सर्पदंश जागरूकता अभियान, एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान, नशा मुक्ति अभियान, जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर 12 अगस्त 2026 तक स्वैच्छिकता पर्व के आयोजन तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम में प्रवेश संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक पश्चात नशामुक्ति शपथ व स्वैच्छिकता शपथ ली गई इसके पश्चात नवांकुर संस्था द्वारा स्थापित रोपणी का अवलोकन किया जिसमें लगभग 2000 फलदार पौधे तैयार किए गए है साथ ही गढी मोक्षधाम में पौधारोपण किया गया आरज के कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्री महेश पटले किशोर न्याय बोर्ड सदस्य श्री मति माधुरी पटले प्रगति ग्राम जन विकास समिति के अध्यक्ष श्री अमित पाटिल सचिव हाकेश शांडिल्य युग शक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष मंजूलता चौधरी प्रस्फुटन समिति अरंडी के अध्यक्ष अरविंद मरकाम सचिव फूलबती जी, माना के सचिव अंबिका राम्हेपुर के अध्यक्ष नीलिमा यादव, सिजोरा के सचिव ताम सिंह मरकाम प्रस्फुटन समिति बोदा, श्री माखनलाल धारवैया एवं परामर्शदाता आकांक्षा तेकाम, परामर्शदाता भंवर सिंह मरावी एवं पूर्णिमा राहंगडाले, सोनिका यादव उपस्थित रहे।.

# बिरसा महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी पर आंगनबाड़ी साहिका पदोन्नति पर बड़ा विवाद, परियोजना अधिकारी पर नियम विरुद्ध पदोन्नति का आरोप..

### वार्ड 19 की महिलाओं ने कलेक्टर से की शिकायत निष्पक्ष जांच की मांग



**जगप्रेरणा बिरसा/बालाघाट।**

बिरसा तहसील के महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी सहायिका की पदोन्नति को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। भीमजोरी स्थित वार्ड नं 19 आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 815 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद पर की गई पदोन्नति को लेकर वार्ड क्रमांक 19 की शिक्षित महिलाओं एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं ने गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कलेक्टर बालाघाट को लिखित शिकायत सौंप दी है। एवं मिडिया के समक्ष यह भी आरोप लगाया है की महिला बाल परियोजना अधिकारी के द्वारा पारदर्शी जानकारी सार्वजनिक नहीं किया जाता है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के विपरीत अपनाई गई। नियमानुसार संबंधित वार्ड की सभी पात्र आंगनबाड़ी सहायिकाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाने चाहिए थे। इसके लिए सूचना-पटल पर सूचना चस्पा करना, सभी पात्र सहायिकाओं को जानकारी देना तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर देना अनिवार्य था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पूरी प्रक्रिया गोपनीय तरीके से पूरी कर एक सहायिका को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नत कर दिया गया।

महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि महिला एवं बाल विकास परियोजना बिरसा की प्रभारी अधिकारी शिप्रा सिंह पिछले तीन-चार वर्षों से परियोजना का प्रभार संभाल रही हैं। इससे पहले वे सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थीं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए विभागीय नियमों की अनदेखी की है एवं फोन करके शिकायत करता साहिका के उपर दबाव बनाया जा रहा है । शिकायत में इसे गंभीर प्रशासनिक अनियमितता बताते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है।

पदोन्नति से नाराज महिलाओं का कहना है कि यदि नियमानुसार सभी पात्र सहायिकाओं से आवेदन मंगाए जाते तो अन्य महिलाओं को भी अवसर मिलता। उनका आरोप है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही, जिससे योग्य उम्मीदवारों के अधिकार प्रभावित हुए हैं। वहीं, महिला एवं बाल विकास परियोजना बिरसा की प्रभारी अधिकारी शिप्रा सिंह ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि संबंधित पदोन्नति विभागीय नियमों एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की गई है और किसी प्रकार की परियोजना अधिकारी बोलींङ्ग विभागीय नियमों के तहत हुई कार्रवाई, जानकारी के अभाव में की गई है शिकायत

पदोन्नति में अनियमितता नहीं हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि पदोन्नति के बाद सहायिका का पद रिक्त हो गया है, जिसके लिए मार्च माह तक विज्ञापन (इश्तेहार) चस्पा कर नियमानुसार भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उनका कहना है कि शिकायत जानकारी के अभाव में की गई है।

अब यह मामला जिला प्रशासन तक पहुंच चुका है। कलेक्टर को शिकायत सौंपे जाने के बाद पूरे प्रकरण पर प्रशासनिक जांच की मांग तेज हो गई है। यदि जांच के आदेश दिए जाते हैं तो यह स्पष्ट हो सकेगा कि पदोन्नति विभागीय नियमों के अनुरूप हुई या शिकायतकर्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपों में क्या सत्य हैं। फिलहाल पूरे मामले पर जिले भर की नजरें टिकी हुई हैं और जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# दूध व्यवसाय से बनीं 'लखपति दीदी': आरती आड़े की प्रेरणादायक सफलता गाथा



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेक प्रेरणादायक कहानियाँ सामने आ रही हैं। ऐसी ही एक मिसाल हैं ग्राम चिचोली, विकासखंड खैरलांजी, जिला बालाघाट की निवासी श्रीमती आरती आड़े, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए दूध एवं पशुपालन व्यवसाय के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की और आज क्षेत्र में ÷लखपति दीदी÷ के नाम से पहचानी जाती हैं।

आरती आड़े का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ। विवाह के बाद भी परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर रही। सीमित कृषि भूमि, अनिश्चित मजदूरी और आय के स्थायी साधनों के अभाव में परिवार का भरण-पोषण कठिनाई से हो पाता था। बेहतर रोजगार की तलाश में उनके पति को गांव छोड़कर बाहर काम करने जाना पड़ता था, जिससे परिवार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता था।

वर्ष 2022 में आरती आड़े शारदा आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह के माध्यम से उन्हें वित्तीय सहायता और आजीविका गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने समूह से ऋण लेकर दो भैंसें खरीदीं और दूध उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया। वर्तमान में वे प्रतिदिन लगभग 10 लीटर दूध का उत्पादन कर रही हैं, जिससे उन्हें नियमित आय प्राप्त हो रही है। पशुपालन व्यवसाय से आरती आड़े की मासिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां समूह से जुडने़ से पहले उनकी व्यक्तिगत आय मात्र 2 हजार रुपये और पारिवारिक आय लगभग 8 हजार रुपये प्रतिमाह थी, वहीं आज उनकी व्यक्तिगत आय 8 हजार रुपये तथा पारिवारिक आय 15 हजार रुपये प्रतिमाह तक पहुंच गई है। दूध उत्पादन से उनकी वार्षिक आय लगभग एक लाख रुपये तक हो गई है। आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर भी उनकी पहचान बनी है। पशु सीआरपी के रूप में वे अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी पशुपालन एवं आजीविका गतिविधियों के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनकी मेहनत और लगन के कारण आज उनके बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं तथा परिवार का जीवन स्तर पहले की तुलना में काफी सुधरा है। आरती आड़े बताती हैं कि स्व-सहायता समूह से जुडने़ के बाद उनके जीवन में नया आत्मविश्वास आया।

समूह की बैठकों और सदस्यों के सहयोग ने उन्हें आगे बढने़ की प्रेरणा दी। आज वे न केवल अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखा रही हैं। आरती आड़े की सफलता यह साबित करती है कि यदि महिलाओं को सही अवसर, मार्गदर्शन और वित्तीय सहयोग मिले तो वे अपनी मेहनत और संकल्प के बल पर जीवन की कठिनाइयों को अवसर में बदल सकती हैं। उनकी कहानी ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और आजीविका मिशन की सफलता का जीवंत उदाहरण भी।

# बालाघाट के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में 7 नए पुलों का रास्ता साफ..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बालाघाट जिले के दूरस्थ एवं दुर्गम आदिवासी अंचलों में आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। वर्षों से जर्जर एवं क्षतिग्रस्त पुलों के कारण आवागमन में हो रही कठिनाइयों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना के प्रयासों से जिले के सात महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इन पुलों के निर्माण के लिए मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दीपक आर्य ने क्षतिग्रस्त पुलों के पुनर्निमाण योजना के अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है और टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने दूरस्थ क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त पुलों के कारण ग्रामीणों को हो रही समस्याओं को देखते हुए शासन स्तर पर लगातार प्रयास किए। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा इन पुलों के निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन पुलों के निर्माण से विशेष रूप से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में आवागमन आसान होगा तथा ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अन्य दैनिक आवश्यकताओं के लिए आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

## इन पुलों का होगा निर्माण

स्वीकृत पुलों में परसवाड़ा विकासखंड के घोड़ादेही-सुकरी मार्ग पर 2 करोड़ 25 लाख 84 हजार रुपये, टिकरिया-डेंडवा मार्ग पर 2 करोड़ 90 लाख 41 हजार रुपये, बैहर विकासखंड के माना-लपटी मार्ग पर 2 करोड़ 88 लाख 39 हजार रुपये, बिरसा विकासखंड के सलघट पहुंच मार्ग पर 3 करोड़ 1 लाख 14 हजार रुपये, मुरकुट्टा मार्ग पर 4 करोड़ 7 लाख 27 हजार रुपये तथा बिरसा-भूतना मार्ग पर 2 करोड़ 52 लाख 74 हजार रुपये की लागत से पूर्व में क्षतिग्रस्त एवं जर्जर हो चुके पुलों का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा एक अन्य स्वीकृत पुल सहित कुल सात पुलों के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

## ग्रामीणों को मिलेगा सीधा लाभ

इन पुलों के निर्माण से बरसात के दौरान संपर्क बाधित होने की समस्या काफी हद तक समाप्त होगी। ग्रामीणों को बाजार, अस्पताल, स्कूल, शासकीय कार्यालय और कृषि उपज के परिवहन के लिए बेहतर संपर्क सुविधा उपलब्ध होगी। इससे क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क इकाई क्रमांक-01 के महाप्रबंधक श्री तोविंद्र सिंह जौहरे ने बताया कि सभी स्वीकृत पुलों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिले के इन महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण को कलेक्टर श्री मृणाल मीना के सतत प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है।

यह पहल दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों के हजारों ग्रामीणों के लिए बेहतर यातायात सुविधा सुनिश्चित करने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 'जल प्रलय' से पाकिस्तान में हाहाकार, 12 लोगों की मौत, 18 घायल; पानी में ढह गए कई मकान..



डेस्क जगप्रेरणा।

*पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बारिश और बाढ़ से 12 लोगों की मौत का मामला सामने आया है। अलग-अलग घटनाओं में 18 लोग घायल भी बताए जा रहे हैं।*

फिलहाल मौसम विभाग की तरफ से और अधिक बारिश होने का अनुमान जताया गया है। इसके अलावा मौसम विभाग ने स्थानीय लोगों को सावधानी बरतने और घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है। बता दें कि अलग-अलग घटनाओं में 14 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## मृतकों में पांच बच्चे भी शामिल..

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में अचानक भारी बारिश और बाढ़ की वजह से हालात बेकाबू हो गए। इस दौरान अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गए। मरने वालों में पांच बच्चे भी शामिल हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (**PDMA**) की रिपोर्ट के अनुसार, ये मौतें घरों की छतें और दीवारें गिरने तथा लोगों के अचानक आई बाढ़ में बह जाने के कारण हुईं। मरने वालों में 6 पुरुष, 5 बच्चे और 1 महिला शामिल हैं। वहीं घायलों में 8 पुरुष, 2 महिलाएं और 8 बच्चे शामिल हैं।

## 14 मकान हुए क्षतिग्रस्त..

जानकारी के मुताबिक ये घटनाएं पेशावर, खैबर, मरदान, बुनेर, बाजौर, लोअर चित्राल, एबटाबाद, मानसेहरा, तोरघर और कुर्रम जिलों से सामने आईं।

**PDMA** के अनुसार, भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण कुल 14 घर क्षतिग्रस्त हुए। इनमें से एक घर पूरी तरह नष्ट हो गया, जबकि बाकी को आंशिक नुकसान पहुंचा। **PDMA**, रेस्क्यू 1122, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित विभाग राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए थे। **PDMA** के महानिदेशक ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

## मौसम का क्या है अपडेट?

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रांत की सभी प्रमुख नदियों, नालों और जलमार्गों में जल स्तर और बहाव सामान्य सीमा के भीतर रहा। हालांकि, पाकिस्तान मौसम विभाग ने 25 जुलाई तक पूरे प्रांत में रुक-रुक कर भारी बारिश का अनुमान जताया है। **PDMA** ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने, जोखिम वाली पर्यटन जगहों से दूर रहने और नदियों, नालों व बाढ़ वाले रास्तों पर जाने से बचने की अपील की। नागरिकों को मौसम संबंधी आधिकारिक अलर्ट और सुरक्षा सलाह का पालन करने की भी सलाह दी गई। प्राधिकरण ने कहा कि सभी जिला प्रशासनों को पहले ही हाई अलर्ट पर रखा गया है।

# थाने पहुंचीं सोनिया गांधी, बेटे राहुल और बेटी प्रियंका की हुई रिहाई, अखिलेश भी हुए रिहा..



डेस्क जगप्रेरणा।

*दिल्ली पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार,स्पेशल कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर देवेश श्रीवास्तव ने सभी स्पेशल कमिश्नर के साथ नई दिल्ली डीसीपी ऑफिस में मीटिंग की।*

राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत सभी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने कागज़ी कार्रवाई के बाद रिहा कर दिया। पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार मीटिंग से निकल गए थे, लेकिन बाकी स्पेशल कमिश्नर की मीटिंग जारी रही। बता दें कि तीन घंटे तक पुलिस हिरासत में रखने के बाद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव के साथ डिटेन किए गए सभी नेताओं को रिहा किया गया।

## जानें हिरासत में लेने के बाद क्यों हुई रिहाई..

कांग्रेस के सभी नेताओं को 65 दिल्ली पुलिस एक्ट (65 **DP Act**) में बुक किया गया था और तीन घंटे की हिरासत में रखने के बाद सभी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने रिहा कर दिया। कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी खुद मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन पहुंचीं थीं, जहां प्रियंका गांधी सहि विपक्ष के कुछ नेताओं को, जो लोक कल्याण मार्ग पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे

और जिन्हें दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था, कुछ देर पहले ही पुलिस स्टेशन लाया गया था। दिल्ली पुलिस एक्ट **(Delhi Police Act)** की धारा 65 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति किसी पुलिस अधिकारी द्वारा दिए गए उचित और वैध निर्देशों का पालन करने से इनकार करता है, विरोध करता है, या अनदेखी करता है, तो पुलिस अधिकारी उसे मौके से हटा सकता है, और बिना वारंट के हिरासत में ले सकता है।

## नेताओं की रिहाई के बाद सचिन पायलट ने क्या कहा?

कांग्रेस नेता सचिन पायलट **(@SachinPilot)** ने कहा, 'लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता **(LoP)** और करीब 100-150 सांसद एक मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। हम कल युवाओं के साथ किए गए बर्ताव की निंदा करते हैं; उन पर लाठीचार्ज किया गया और छात्रों पर हमले हुए। सरकार और पुलिस का जो चेहरा सामने आया है, वह किसी को भी मंज़ूर नहीं है। जिस तरह लोकसभा में विपक्ष के नेता को ज़बरदस्ती हटाया गया.. सवाल यह है कि सड़क का नाम बदलकर 'लोक कल्याण मार्ग' रखा गया है, तो जन-कल्याण के लिए राहुल गांधी वहां मौजूद थे।

पायलट ने कहा, सरकार को शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेना चाहिए था, छात्रों के ख़िलाफ दर्ज **FIR** वापस लेनी चाहिए थी और पेपर लीक के मामले पर बयान देना चाहिए था, लेकिन कई नेताओं को वहां से हटा दिया गया। यह लोकतंत्र के लिए एक काला दिन है। लोग नाराज़ हैं.. जिस तरह राहुल गांधी को घसीटा गया, वह बर्दाश्त के बाहर है। लोग न्याय चाहते हैं और हम न्याय लेकर रहेंगे...'

# अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ में 20 की मौत, 100 से ज्यादा लोग लापता; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी..



डेस्क जगप्रेरणा।

*अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 100 से ज़्यादा लोग लापता हैं। अफगानिस्तान नेशनल डिज़ास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के प्रवक्ता यूसुफ हम्माद ने बताया कि बाढ़ पूर्वी प्रांत नूरिस्तान में आई और लापता लोगों का पता लगाने के लिए खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे बाढ़ की आशंका वाले और जोखिम भरे इलाकों से दूर रहें।'*

हम्माद ने कहा, 'दुर्भाग्य से, आज पारुन शहर और नूरिस्तान प्रांत के कई अन्य इलाकों में आई भीषण बाढ़ के कारण हमारे साथी नागरिकों की जान-माल का भारी नुकसान हुआ है।÷ उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ से लोगों के घरों, कृषि भूमि और सार्वजनिक सुविधाओं को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है।

## क्या है भीषण बाढ़ का कारण..

अफगानिस्तान में मौसम की चरम घटनाओं का खतरा बहुत ज़्यादा रहता है। बर्फबारी और भारी बारिश से अचानक बाढ़ (फ्लैश फ्लड) का खतरा लगातार बना रहता है। अक्सर ऐसे मामलों में एक ही बार में दर्जनों या सैकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। साल 2024 में, वसंत ऋतु में आई अचानक बाढ़ में 300 से ज़्यादा लोगों की मौत हुई थी। वहीं इस साल की शुरुआत में भी देश के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 110 लोगों की मौत हो गई थी। कई दशकों से चल रहे संघर्ष, खराब इंफ्रास्ट्रक्चर, कमजोर अर्थव्यवस्था, पेड़ों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते असर ने ऐसी आपदाओं के प्रभाव को और बढ़ा दिया है। खासकर दूर-दराज के इलाकों में, जहां कई घर मिट्टी के बने होते हैं और अचानक आई बाढ़ या भारी बर्फबारी से बहुत कम सुरक्षा दे पाते हैं। सरकारी प्रवक्ता ज़बीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा, 'हमें यह जानकर दुख हुआ कि नूरिस्तान प्रांत में बाढ़ के कारण जान-माल का नुकसान हुआ है। हम इस घटना में जान गंवाने वालों के लिए प्रार्थना करते हैं और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करते हैं।'

## भारी बारिश का अनुमान..

ट्रांसपोर्ट और सिविल एविएशन मिनिस्ट्री के मौसम विभाग ने बताया कि देश के 34 में से 10 प्रांतों में और ज़्यादा खराब मौसम की आशंका है। इन राज्यों में भारी बारिश, आंधी-तूफान, धूल और रेत वाली तेज हवाएं और अचानक बाढ़ आने का अनुमान है। मंत्रालय ने लोगों को नदियों के किनारे और बाढ़ के खतरे वाले इलाकों से दूर रहने की चेतावनी दी है।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

# सड़क किनारे मिली स्कूल टीचर की लाश, हादसे का नहीं मिला कोई निशान, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप...




डेस्क जगप्रेरणा।

*झारखंड के चतरा जिले में मंगलवार सुबह एक स्कूल शिक्षक का शव सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मुकेश यादव के रूप में हुई है।*

परिजनों ने उनकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक,

मुकेश यादव का शव और उनकी मोटरसाइकिल नेशनल हाइवे-22 पर घाघरी इलाके में वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के पास सड़क किनारे मिले थे।

## 'सड़क हादसे के निशान नहीं मिले'..

शुरुआती जांच में पुलिस को न तो शव पर किसी बड़े सड़क हादसे के स्पष्ट निशान मिले और न ही मोटरसाइकिल पर दुर्घटना जैसी क्षति दिखाई दी। इसी वजह से मामला संदिग्ध माना जा रहा है। चतरा मुख्यालय के **DSP** सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया यह केवल सड़क दुर्घटना का मामला नहीं लगता। उन्होंने कहा, 'घटना की परिस्थितियां संदिग्ध हैं। हम हर पहलू से जांच कर रहे हैं।

मौके पर डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है।' मृतक मुकेश यादव एक हाई स्कूल में व्यावसायिक ट्रेड (वोकेशनल ट्रेड) प्रभारी के पद पर कार्यरत थे।

## पुलिस ने फोन को अपने कब्जे में लिया..

पुलिस ने उनका मोबाइल फोन अपने कब्जे में लेकर उसकी जांच शुरू कर दी है, ताकि घटना से पहले उनकी गतिविधियों और संपर्कों की जानकारी मिल सके। इसके साथ ही घटनास्थल की बारीकी से जांच की जा रही है और आसपास के लोगों सेभी पूछताछ की जा रही है।

एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि फिलहाल शिक्षक की मौत के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत दुर्घटना से हुई या इसके पीछे कोई आपराधिक साजिश थी।

## नाराज परिजनों ने NH-22 को किया जाम..

घटना से नाराज स्थानीय लोगों और परिजनों ने **NH-22** को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने और कथित हत्यारे की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। सड़क जाम के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।

बाद में प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया और कहा कि जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# कर्नाटक में एक व्यक्ति ने पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या की..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*मैसूरु जिले में मंगलवार को 49 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना जिले के हुंसूर शहर के न्यू मारुति लेआउट में हुई। पुलिस ने बताया कि हरीश रियल एस्टेट के कारोबार से जुड़ा था।*

पुलिस के अनुसार, हरीश ने कथित तौर पर अपनी 36 वर्षीय पत्नी निशिथ और अपनी 14 व आठ साल की बेटियों की हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। उसकी पत्नी और बेटियों के मुंह पर चिपकी हुई टेप से संकेत मिलता है कि उनकी मौत दम घुटने से हुई हो सकती है। हालांकि, पुलिस ने कहा कि मौत की सही वजह का पता पोस्टमार्टम के बाद ही चलेगा। उसने आत्महत्या से पहले लिखा एक पत्र भी छोड़ा, जिसमें कहा गया था कि वह ऊपर के कमरे में फंदे से लटका हुआ मिलेगा।

कथित पत्र में उसने लॉकर में रखी संपत्ति के कागजात समेत अन्य दस्तावेजों का भी जिक्र किया और बताया कि उनकी चाबियां कहां हैं। साथ ही उसने पुलिस से अनुरोध किया कि वे इन चीजों को पत्र में बताए गए व्यक्ति को सौंप दें। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि उसने अपनी मां को तीन दिन पहले ही अपनी रिश्तेदार के घर भेज दिया था। हुंसूर शहर की पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया और निरीक्षण किया। पत्रकारों से बात करते हुए मैसूरु के पुलिस अधीक्षक मल्लिकार्जुन बाल्डंडी ने बताया कि मौतों की जानकारी अपराह्न करीब 12:12 बजे मिली। उन्होंने बताया कि मौके पर जांच के दौरान हरीश घर की पहली मंज़िल पर फंदे से लटका हुआ मिला।

उन्होंने कहा, 'भूतल पर एक शयनकक्ष में उसकी पत्नी और उसकी दो बेटियां (जिनकी उम्र 14 और आठ साल थी) बिस्तर पर पड़ी मिलीं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, तीनों के चेहरे को टेप से ढका गया था।' एसपी ने कहा, 'हमें शयनकक्ष से एक सुसाइड नोट और मेज पर रखे एक रजिस्टर में लिखा एक और नोट मिला। उनमें उसने कई बातें लिखी थीं, जैसे अपनी प्रॉपर्टी की जानकारी, वे लोग जिन्हें ये प्रॉपर्टी सौंपी जानी चाहिए और अपने कर्जों का ब्योरा।' उन्होंने कहा, 'उसकी मां ने हमें कर्ज के बारे में बताया है। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या यह घटना आर्थिक परेशानियों की वजह से हुई।

हम यह भी देख रहे हैं कि क्या इस घटना के पीछे परिवार से जुड़ी कोई समस्या या कोई और कारण था।' पुलिस ने कहा कि घटना की असल वजह का अभी पता नहीं चल पाया है और जांच जारी है।

# बेंगलुरु की झील में महिला का शव एक सूटकेस में मिला, हत्या की आशंका..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*बेंगलुरु के रामोहल्ली झील में मंगलवार को मिले एक सूटकेस से 61 वर्षीय एक महिला का शव बरामद किया गया। पुलिस ने महिला की हत्या किये जाने की आशंका जतायी है।*

पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान चलाघट्टा निवासी जयम्मा के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, शव के कुछ हिस्सों को जानवरों द्वारा नोचे जाने के संकेत मिले हैं। पुलिस ने बताया कि जयम्मा के लापता होने की रिपोर्ट 16 जुलाई को दर्ज कराई गई थी। यह मामला तब सामने आया, जब स्थानीय लोगों ने झील में एक सूटकेस तैरता देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के अनुसार, पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और सूटकेस को बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, सूटकेस से साड़ी में लिपटे शव का एक हिस्सा बाहर निकला हुआ दिखाई दे रहा था।

पुलिस के अनुसार, जयम्मा के बेटे ने 16 जुलाई को कुंबलगोडु पुलिस थाने में गुमशुदगी की एक शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि शिकायत में उसने बताया था कि उसकी मां 15 जुलाई को अपराह्न करीब 3:35 बजे घर से निकली थीं और वापस नहीं लौटीं। पुलिस ने बताया कि परिवार ने उनकी तलाश रिश्तेदारों और दोस्तों के घरों के अलावा आसपास के इलाकों में भी की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला तथा उनका मोबाइल फोन भी बंद था।

पुलिस ने बताया कि जयम्मा का मंगलसूत्र, अंगूठी और कान की बालियां गायब थीं, जिससे आशंका है कि हो सकता है कि उनकी हत्या गहने लूटने के उद्देश्य से की गई। पुलिस ने बताया कि हत्या का एक मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की पहचान के लिए झील तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है।

# दिल्ली के लोधी कॉलोनी इलाके के एक घर में लगी भीषण आग, 2 बेटियों और उनकी मां की मौत, मचा हड़कंप...



डेस्क जगप्रेरणा।

*दिल्ली की लोधी कॉलोनी इलाके के एक घर में भीषण आग लग गई, जिससे 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 बेटियां और उनकी मां शामिल है। मिली जानकारी के मुताबिक, सुबह 10 बजकर 21 मिनट पर आग लगने की जानकारी मिली थी। घटना लोधी थाने के बीके दत्त कॉलोनी की है। 11 बजकर 10 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया।*

## आज फतेह नगर में पार्किंग में भी लगी थी आग..

आज ही दिल्ली के फतेह नगर में भी पार्किंग में आग लगी थी। यहां 4 वाहन जलकर राख हो गए और 8 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। ये घटना फतेह नगर इलाके में सुबह करीब 3:50 पर घटी। मिली जानकारी के मुताबिक, पार्किंग में रखे हुए 2 एलपीजी सिलेंडर आग की चपेट में आ गए, जिससे जोरदार धमाका हो गया और कई वाहन आग की चपेट में आ गए। हालांकि गनीमत ये रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। दमकल की 9 गाड़ियों ने विकराल आग पर काबू पाया और 8 लोगों को रेस्क्यू किया।

## 5 जुलाई को दिल्ली के चंदन होला के कारखाने में लगी थी आग..

बीती 5 जुलाई को ही दिल्ली के चंदन होला के कारखाने में भी भीषण आग लगी थी, जिसे बुझाने में 8 घंटे से ज्यादा की मशक्कत करनी पड़ी थी। आग से पूरे कारखाने को नुकसान पहुंचा था। ये कारखाना 5,000 वर्ग गज में फैला हुआ था। यहां लगी आग को बुझाने में दमकल की 30 गाड़ियां पहुंची थीं और बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया था। इसके अलावा 24 जून को ही दिल्ली के उद्योग भवन इलाके के पास बने मजदूरों के कैंप में भी आग लगी थी। ये आग इतनी भयानक थी कि इससे लगभग 200 मजदूरों के अस्थाई आवास जलकर राख हो गए थे।

यहां भी आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी और दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। इस घटना में सामान तो काफी जला था लेकिन जनहानि नहीं हुई थी। बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पहले भी आग के कई मामले सामने आए हैं। इससे पहले दिल्ली के तुगलकाबाद में पांच मंजिला बिल्डिंग में भीषण आग लगी थी, इसमें 3 लोगों की मौत हो गई थी और 8 को बचाया गया था।





जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में मिली हार के बाद पहली बार मेसी ने तोड़ी चुप्पी, कहा- इस जख्म को भरने में समय लगेगा..

डेस्क जगप्रेरणा।

*अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने फीफा वर्ल्ड कप फाइनल हारने के बाद पहली बार अपने दिल की बात कही है। अर्जेंटीना की हार के बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया।*



मेसी ने अपने उस पोस्ट में स्पेन की टीम को बधाई दी है और साथ ही अपनी टीम के ओवरऑल परफॉर्मेंस की तारीफकी है। हालांकि अपने पोस्ट में मेसी ने रिटायरमेंट को लेकर किसी तरह को कई संदेश या हिंट नहीं दिया है।

### इस जख्म को भरने में समय लगेगा- लियोनेल मेसी..

लियोनेल मेसी ने लिखा कि इस वक्त दुख बहुत ज्यादा है। इस जख्म को भरने में समय लगेगा, लेकिन मैंने अच्छी यादों को संजोकर रखने का फैसला किया है, उन सभी मैचों को जिन्हें हमने सबकुछ झोंककर पलट दिया। ऐसे पल हमेशा याद रहेंगे। मैं हमेशा पूरे देश के सपोर्ट को याद रखूंगा, जिसने इस ग्रुप के काम और कोशिशों के साथ मिलकर हमें एक बार फिर दुनिया की सबसे अच्छी टीमों में वापस ला दिया।

### मेसी ने दी स्पेन को जीत की बधाई..

मेसी ने आगे लिखा कि आज हमने जो हासिल किया, उसकी तारीफ करना मुश्किल है। लेकिन यह ग्रुप सच में लगातार दो वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचा है। हर बधाई और हर मैसेज के लिए दिल से शुक्रिया। एक बार फिर हम एक देश के तौर पर एक साथ आए और अर्जेंटीना होने का बहुत गर्व महसूस करते हुए एक साथ खड़े रहे। मैं स्पेन को भी वर्ल्ड कप जीतने पर बधाई देना चाहता हूं। बता दें कि मेसी ने इस वर्ल्ड कप में 8 गोल किए और सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में दूसरे नंबर पर रहे।

### स्पेन ने 16 साल बाद जीता फुटबॉल वर्ल्ड कप का खिताब..

स्पेन ने 16 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर फुटबॉल वर्ल्ड कप जीत लिया है। अमेरिका के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में स्पेन ने पिछली बार की चैंपियन टीम अर्जेंटीना को 1-0 से हरा दिया। पूरे मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, लेकिन तय वक्त तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। इसके बाद मैच एक्स्ट्रा टाइम में गया, जहां स्पेन के फेरन टोरेस ने एक शानदार गोल दागकर अपनी टीम को मैच दिलाई।

## दिव्यांका त्रिपाठी के ट्विंस से मिलने पहुंचीं ऑनस्क्रीन बेटी रुहानिका, 'ईशी मां' के बच्चों को किया दुलार, बोलीं- 'अब उनके तीन बच्चे हैं'..

डेस्क जगप्रेरणा।

*दिव्यांका त्रिपाठी टीवी इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक हैं और पिछले कुछ दिनों से लगातार अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। दिव्यांका त्रिपाठी ने मार्च में अपनी प्रेग्नेंसी की खुशखबरी अपने फैंस के साथ शेयर की थी,*



वहीं मई में उन्होंने अपने जुड़वा बच्चों का इस दुनिया में स्वागत किया। अब दिव्यांका और विवेक अक्सर अपने यूट्यूब व्लॉग्स के जरिए फैंस को अपनी नई जर्नी के बारे में अपडेट देते रहते हैं। जुड़वा बच्चों के जन्म के बाद हाल ही में दिव्यांका और विवेक ने अपने बच्चों का नामकरण किया और इसके लिए दोनों ने अपने घर में सत्यनारायण की पूजा भी रखी थी। इस बीच दिव्यांका त्रिपाठी की ऑनस्क्रीन बेटी रुहानिका धवन भी उनके जुड़वा बच्चों से मिलने पहुंचीं, जिन्होंने इंस्टाग्राम पर इस प्यारी मुलाकात की तस्वीरें शेयर की हैं।

### दिव्यांका त्रिपाठी के बच्चों से मिलने पहुंचीं रुहानिका धवन..

रुहानिका धवन ने 'ये है मोहब्बतें' में दिव्यांका त्रिपाठी की बेटी का रोल निभाया था और रियल लाइफमें भी दोनों बेहद खास बॉन्ड शेयर करती हैं। दिव्यांका, रुहानिका को अपनी बेटी की तरह मानती हैं और रुहानिका भी अपनी ईशी मां से बेहद प्यार करती हैं। हर खास मौके पर दोनों साथ नजर आती हैं।

दिव्यांका की गोद भराई में भी रुहानिका पहुंची थीं, जिसकी तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की थीं और अब रुहानिका अपनी 'ईशी मां' के बच्चों से मिलने पहुंचीं, जिसकी तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक बेहद प्यारे पोस्ट के साथ शेयर की हैं।

### रुहानिका की गोद में दिव्यांका के बच्चे..

रुहानिका धवन ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। एक में वह दिव्यांका-विवेक और उनके दोनों बच्चों के साथ नजर आ रही हैं तो दूसरी में दिव्यांका का एक बेटा रुहानिका की गोद में दिखाई दे रहा है। तस्वीरों में रुहानिका बच्चे की तरफ जिस प्यार और दुलार के साथ देख रही है, उसमें उनके चेहरे पर किसी बड़ी बहन जैसे भाव हैं। फोटो के कैप्शन में भी उन्होंने अपने यही भाव शेयर किए हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा- 'उनके साथ उनके बच्चे के तौर पर खेलने से लेकर अपनी ईशी मां के बच्चों को गोद में लेने तक..

जिंदगी सच में एक पूरा चक्कर घूमकर वहीं आ गई है। मुझे लगता है कि मैं आधिकारिक तौर पर कह सकती हूं कि अब उनके तीन बच्चे हैं। और जुड़वां बच्चों को इससे बेहतर माता-पिता नहीं मिल सकते थे।'

### पोस्ट पर दिव्यांका का रिएक्शन..

दिव्यांका त्रिपाठी ने रुहानिका के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा- 'रूह, तुमने ही मुझे मम्मी बनना सिखाया! अब इन नन्हे-मुन्नों को अपनी 'रूह दी' से बहुत कुछ सीखना है।' दिव्यांका के अलावा शिरीन मिर्जा, कृष्णा मुखर्जी और अदिति भाटिया ने भी इन तस्वीरों पर प्यार भरे रिएक्शन दिए हैं। बता दें, दिव्यांका त्रिपाठी ने 26 मई को अपने जुड़वा बच्चों के जन्म की खबर फैंस के साथ शेयर की थी। इसके बाद कपल ने बेटों की छठी पूजा भी रखी, जिसमें बच्चों की दादी-नानी ने साथ मिलकर पूरी जिम्मेदारी संभाली। दिव्यांका और विवेक ने शादी के 10 साल बाद अपने जुड़वा बच्चों का इस दुनिया में स्वागत किया है।

## 'ये काली काली आंखें' की 'पूर्वा' आंचल सिंह ने की शादी, सुर्ख लाल जोड़े में बनीं दुल्हन, शेयर कीं ड्रीमी वेडिंग फोटोज..

डेस्क जगप्रेरणा।

*'ये काली काली आंखें' की पूर्वा यानी आंचल सिंह अब अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। पिछले दिनों ही आंचल सिंह ने अपनी सगाई की खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं*



और अब एक्ट्रेस शादी के बंधन में बंध चुकी हैं। आंचल सिंह ने पांच दिन पहले ही मोहित चावला के साथ अपनी सगाई की खूबसूरत और सादगी भरी तस्वीरें शेयर की थीं और अब उनकी शादी में भी वही सादगी देखने को मिली। आंचल सिंह ने सोशल मीडिया पर अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मोहित चावला से शादी की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह सुर्ख लाल जोड़े में दुल्हन बनी नजर आ रही हैं। उनकी इन तस्वीरों के सामने आते ही अब बधाइयों का तांता लग गया है। एक्ट्रेस के फैंस से लेकर सेलिब्रिटी दोस्तों तक ने कमेंट के जरिए उन्हें शादी की बधाई दी है।

### आंचल सिंह ने की शादी..

आंचल सिंह ने हाल ही में मोहित चावला के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की हैं, जिससे पता चलता है कि उनकी शादी एक प्राइवेट सेरेमनी थी। शादी की तस्वीरों में आंचल और मोहित के करीबी दोस्त और परिवार ही शामिल हुआ था। एक्ट्रेस ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए मोहित चावला के लिए बेहद खास पोस्ट लिखा है, जिसमें उन्होंने मोहित के लिए अपना प्यार जताया है। इस पोस्ट पर कमेंट्स के रिए अब एक्ट्रेस के फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं।

### आंचल सिंह का पोस्ट..

आंचल सिंह ने अपने पोस्ट में लिखा- 'हर लड़की की जिंदगी में एक ऐसा खास दिन आता है- जब उसके पिता उसे शादी के मंडप तक ले जाते हैं और उसका हाथ उसके होने वाले पति को सौंपते हैं। इस बारे में सोचकर ही हम सब घबराहट महसूस करने लगते हैं। मुझे याद है कि जैसे ही मैंने शादी की जगह की ओर आती बारात की आवाज सुनी, मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। लेकिन तुम्हारे मोहित शब्दों ने मुझे शांत कर दिया।'

### बताई मोहित के दिल की बात..

मोहित के बारे में बात करते हुए आंचल आगे लिखती हैं- 'मोहित की बात को अपने शब्दों में कहें तो- जब मैंने तुम्हें पहली बार देखा, तो मेरे दिल में यह एहसास हुआ कि मैं इसी लड़की से शादी करूंगा और समय के साथ मुझे वह मिल गया जिसकी मुझे अंदर से तलाश थी। एक ऐसा साथी जो घर और जिंदगी में सुकून लाए, ताकि इंसान दुनिया की मुश्किलों का सामना कर सके। तो याद रखिए - यह (शादी) हमारे लिए बस एक ऐसा दिन है जब हम अपने सभी लोगों को एक साथ लाएंगे, मज़ा करेंगे और अपनी खुशी मनाएंगे। क्या बदलेगा? बस पार्टनर से शादीशुदा होने का टैग। दुनिया की नजर में एक-दूसरे का 'ऑफिशियली' हो जाना। जिंदगी में ऐसे पल आते हैं जब बाकी सब चीजों के अलावा, हमें बस एक-दूसरे पर भरोसे के उस छोटे से सहारे की जरूरत होती है, खासकर तब जब दुनिया में इतनी सारी चीजें हो रही हों। वह एक इंसान जो आप पर आपसे ज्यादा भरोसा करता हो। हां, हमारे लिए यही प्यार है, और हम शुक्रगुज़ार हैं कि हमें यह एक-दूसरे में मिला। प्यारी दुनिया, हम एक-दूसरे की ओर बढ़ते हुए डांस कर रहे हैं और अपने हमेशा साथ रहने का ऐलान कर रहे हैं- आप सभी का आशीर्वाद और प्यार चाहते हैं।'

### आंचल-मोहित को मिल रही बधाई..

इन तस्वीरों पर अब कमेंट करते हुए सेलेब्स और सोशल मीडिया यूजर अब आंचल और मोहित को बधाई दे रहे हैं।

हेतल गाड़ा ने कमेंट करते हुए लिखा- 'आप दोनों को बधाई।' काजल उर्मिला जैन ने लिखा- 'मुबारक हो।' उमा बिज्जू ने लिखा- 'मुबारक हो, भगवान का आशीर्वाद आप दोनों पर बना रहे।' वहीं एक्ट्रेस के फैंस भी कमेंट करते हुए उन्हें शादी की बधाई दे रहे हैं।


## 'चंदू चैंपियन' के लिए जीता पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड

## अब महाकालेश्वर की शरण में पहुंचे

### कार्तिक आर्यन, शयन आरती में हुए शामिल..

डेस्क जगप्रेरणा।

*कार्तिक आर्यन ने हाल ही में अपनी 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीता है। ये उनका पहला नेशनल अवॉर्ड है, जिसे लेकर वह खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं।*



पिछले दिनों ही कार्तिक आर्यन ने नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतने के बाद एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह अपने परिवार के साथ जश्न मनाते नजर आए थे। इस जीत के बाद कार्तिक अपने माता-पिता के साथ बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने उज्जैन पहुंचे, जिसकी तस्वीरें-वीडियो सोशल मीडिया पर छाए हैं। महाकालेश्वर मंदिर पहुंचने पर कार्तिक ने अपने परिवार के साथ पवित्र शयन आरती में हिस्सा लिया और बाबा के सामने माथा टेका।

### उज्जैन पहुंचे कार्तिक आर्यन..

कार्तिक आर्यन ने भी इंस्टाग्राम पर अपनी उज्जैन यात्रा की तस्वीरें शेयर की हैं। वायरल हो रही तस्वीरों और वीडियो में देखा जा सकता है कि गर्भगृह में माथा टेकने के बाद कार्तिक परिवार के साथ नंदी हॉल में हाथ जोड़े बैठे हैं। इस दौरान उन्होंने हल्के गुलाबी रंग की शर्ट और नीला जींस पहना था। कार्तिक ने जो तस्वीर शेयर की है, उसमें वह महाकाल मंदिर के सामने हाथ चोड़े खड़े हैं। फोटो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'जय महाकाल।'

### कार्तिक आर्यन की उज्जैन यात्रा पर फैंस का रिएक्शन..

जैसे ही कार्तिक आर्यन ने महाकालेश्वर मंदिर से अपनी तस्वीर शेयर की, फैंस भी प्रतिक्रिया देने से पीछे नहीं हटे। कमेंट करते हुए एक फैन ने लिखा- 'भगवान कर आप हमेशा ऐसे ही आगे बढ़ते रहें और चमकते रहें।' एक और लिखता है- 'पता नहीं आप मेरा मैसेज पढ़ेंगे या नहीं, लेकिन मैं आपके लिए बहुत खुश हूं। आप इस कामयाबी और खूबसूरत पल के हकदार हैं। आपको अपनी कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है और मुझे उम्मीद है कि आपकी जिंदगी में और भी बहुत अच्छा होगा। आप हमेशा मुस्कुराते रहें।' एक यूजर ने लिखा- 'मेरा दिल खुशी से भर गया है।'


### कार्तिक आर्यन को मिला पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड..

बता दें, 18 जुलाई 2026 को ही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 2024 की शानदार फिल्मों के लिए 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स का ऐलान किया। जिसमें कार्तिक को 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। वह ये अवॉर्ड साउथ सुपरस्टार ममूटी के साथ साझा करेंगे, जिन्हें 'ब्रमायुगम' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला है। वहीं यामी गौतम को 'आर्टिकल 370' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला है। अवॉर्ड्स के ऐलान के बाद कलाकारों ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी खुशी भी जाहिर की थी।

## द हंड्रेड में मंधाना-जेमिमा समेत 4 इंडियन प्लेयर्स का दिखेगा जलवा, कब और कहां देख पाएंगे लाइव..

डेस्क जगप्रेरणा।

द हंड्रेड 2026 का नए सीजन की शुरुआत आज यानी 21 जुलाई से हो रही है। इस टूर्नामेंट का पहला मैच लंदन के 'द ओवल' मैदान पर MI लंदन (जो पहले ओवल इनविंसिबल्स के नाम से जानी जाती थी) और सनराइजर्स लीड्स के बीच खेला जाएगा।



पिछली बार ओवल इनविंसिबल्स ने ट्रेंट रॉकेट्स को हराकर खिताब जीता था, इसलिए डिफेंडिंग चैंपियन होने के नाते MI लंदन इस बार भी जीत के साथ शुरुआत करना चाहेगी। इस पूरे टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं और इसका फाइनल मुकाबला 16 अगस्त को खेला जाएगा।

### द हंड्रेड वुमेंस टूर्नामेंट में खेलेंगी 4 भारतीय खिलाड़ी..

आपको बता दें कि द हंड्रेड के मेंस और वुमेंस टूर्नामेंट की शुरुआत एक ही दिन होगी। इस बार वुमेंस द हंड्रेड में 4 भारतीय महिला खिलाड़ी खेलती हुई नजर आएंगी।

जिसमें से सबसे बड़ा नाम स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स का है। मंधाना को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स और जेमिमा रोड्रिग्स को सदर्न ब्रेव टीम ने ऑक्शन से पहले ही अपनी टीम में शामिल कर लिया था। वहीं हाल ही में हुई ऑक्शन में दीप्ति शर्मा को सनराइजर्स लीड्स और रिचा घोष को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने उनके बेस प्राइस (34 लाख) पर खरीदा था। आपको बता दें कि पिछले साल नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की टीम ने द हंड्रेड वुमेंस की ट्रॉफी अपने नाम की थी।

### द हंड्रेड के ऑक्शन में ये महिला खिलाड़ी रही थी अनसोल्ड..

इस साल इंग्लैंड के द हंड्रेड के मेंस टूर्नामेंट में एक भी भारतीय खिलाड़ी खेलता हुआ नजर नहीं आएगा। वहीं, महिला खिलाड़ियों की ऑक्शन में भारत की वर्ल्ड कप विजेता टीम की कुछ बड़े खिलाड़ी जैसे शैफाली वर्मा, राधा यादव और श्री चरणी शामिल तो थीं, लेकिन किसी भी टीम ने उन्हें खरीदने में रुचि नहीं दिखाई और वे उस ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे।

वहीं मेंस ऑक्शन की बात करें तो इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर जेम्स कोल्स सबसे महंगे खिलाड़ी रहे थे। उन्हें लंदन स्पिरिट की टीम ने 3,90,000 पाउंड यानी लगभग 4.8 करोड़ रुपये में खरीदा था।

### कब और कहां देख पाएंगे द हंड्रेड के मुकाबले..

अब बात करते हैं द हंड्रेड टूर्नामेंट के लाइव स्ट्रीमिंग और लाइव टेलीकास्ट को लेकर। 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट का ये सीजन 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। क्रिकेट फैंस इस पूरे टूर्नामेंट के मुकाबलों को लाइव स्ट्रीमिंग जियोहॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर ऑनलाइन देख सकते हैं। वहीं, जो लोग टीवी पर मैच देखना चाहते हैं, वे स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर इसका लाइव टेलीकास्ट देख सकते हैं।

## स्वर्ण मुश्किल लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन रहेगा, एशियाड का नहीं कह सकती: मैरी कॉम..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*छह बार की विश्व चैम्पियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एम सी मैरी कॉम को राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय मुक्केबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है हालांकि उन्हें लगता है कि स्वर्ण पदक जीत पाना मुश्किल होगा।*



मणिपुर की 43 वर्ष की इस मुक्केबाज ने पीटीआई से कहा, 'हम पदक जीतेंगे लेकिन मुझे स्वर्ण की उम्मीद नहीं है। अगर मिल जाता है तो मुझे खुशी होगी। राष्ट्रमंडल खेलों में हम फाइनल तक जरूर पहुंचेंगे।' मैं प्रार्थना करूंगी कि हम सारे पदक जीतें।' उन्होंने कहा, 'मुक्केबाजी ने मुझे जीवन में सब कुछ दिया है। खेल से इतना कुछ मिलने के बाद यह कैसे संभव है कि मैं वहां खेल रहे अपने खिलाड़ियों के लिये दुआ नहीं करूं। हम एक परिवार हैं।'

भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में सात पदक जीते थे जिसमें तीन स्वर्ण और एक रजत शामिल है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय मुक्केबाजी दल में सात पुरुष और सात महिला मुक्केबाज शामिल हैं।

भारतीय महिला टीम में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो), दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज जैसमीन लम्बोरिया (57 किलो), एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार (54 किलो) और विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किलो) शामिल हैं। चारों ने इस साल अप्रैल में एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीते थे। लड़कों में सचिन सिवाच (60 किलो) और नरेंदर बेरवाल (प्लस 90 किलो) से उम्मीदें हैं। मैरी कॉम ने कहा, 'मैं सभी को शुभकामना देती हूं। भारत का प्रतिनिधित्व करना आसान नहीं है, यह बड़ी जिम्मेदारी है। सभी देश के लिये पदक जीतने के इरादे से ही गए होंगे।' भारतीय मुक्केबाजी के प्रशासनिक पहलू के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, 'अजीब है।' पिछले कुछ महीने से अजय सिंह की अध्यक्षता वाले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की चयन संबंधी विवादों, कोचों की नियुक्ति और राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में रहने की खराब व्यवस्था को लेकर काफी आलोचना हुई है।

बीएफआई को एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की अपारदर्शी और अस्पष्ट चयन नीति को लेकर खेल मंत्रालय ने नोटिस भी जारी किया। मैरी कॉम ने कहा, 'मुझे समझ में नहीं आता कि कुछ चैम्पियन मुक्केबाजों का चयन क्यो नहीं हुआ। यह भविष्य के लिये अच्छा नहीं है। प्रदर्शन ऊपर नीचे हो सकता है लेकिन चयन सही नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।'

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## जीवन यात्रा..

शैशव, यौवन
और वर्धापन,
इनमें ही
परिसीमित जीवन।
मन ही
इस पथ में बोता है
कटु कण्टक और
मृदुल कुसुम वन।

शैशव के
अधकचरे सपने,
तरुणाई में
पकते जाते।
यौवन की
क्षमताएं पा कर
मन पाखी को
पर मिल जाते।
पर फैला कर,
यह मन पाखी,
नाप रहा,
निस्सीम गगन।
इनमें ही

हर पाखी
अपनी क्षमता से
अपना एक
गगन रचता है।
इसी गगन की
दिशा दिशा को
क्षमता भर
सज्जित करता है।
सज्जित नभ के
दिशा क्षेत्र में
उगते जाते
नवल सपन।
इनमें ही

सपनों को
सार्थक करने का
यात्रापथ
संघर्षों वाला।
अगणित विघ्नों ने
इस पथ पर
जीवन भर का
डेरा डाला।
जय करता जो
इन विघ्नों को,
मात्र वही
पाता अभिनंदन।
इनमें ही

वर्धापन में
इस यात्रा का
उत्तरार्द्ध
परिलक्षित होता।
विजय, पराजय
दोनों में ही
दृष्टा भाव
निरूपित होता।
सपनों के
अवशेषों में ही
थमता रमता
यह चंचल मन।
इनमें ही

स्वप्न नहीं ,
संघर्ष नहीं है,
वर्धापन में
सत्य शेष है।
काल पंथ के
इस पड़ाव पर
स्मृतियों का
नवल वेश है।
पूर्णाहुति के
मंत्र कह रहे
पूर्ण करो
यह श्वास हवन।
इनमें ही

अग्न्याधान
किया हो जिसने,
श्वासों के
इस महा हवन में।
समिधा, घृत
शाकल्य रूप ले
जो छा जाए
व्योमाङ्गन में।
उसके ही
सपने, सच होते,
पूर्ण काम
होता वर्धापन।
इनमें ही

**मैं स्वप्न दृष जीवन**

## ब्लड रिलेशन में शादी: क्या कहता है विज्ञान?

*भारत के विभिन्न राज्यों में विवाह को लेकर समाज में लंबे समय से अनेक धारणाएँ प्रचलित हैं। कहीं रक्त संबंधियों के मध्य विवाह को परंपरा का हिस्सा माना जाता है, तो कहीं इसे उचित नहीं माना जाता है। वहीं प्रेम विवाह इन विषयों पर सोचने का अवसर ही नहीं देता है।*

आधुनिक आनुवंशिकी इस विषय को सामाजिक या धार्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से देखती है, और बचने की सलाह देती है। भारतीय संस्कृति भी समान गौत्र में शादी को ठीक नहीं मानती।

विज्ञान के अनुसार, जब निकट रक्त संबंधी-जैसे प्रथम चचेरे, ममेरे या फुफ़ेरे भाई-बहन,विवाह करते हैं, तो उनमें कुछ समान जीन होने की संभावना अधिक रहती है। यदि दोनों में किसी दुर्लभ आनुवंशिक रोग से संबंधित दोषपूर्ण अप्रभावी जीन मौजूद हो, तो उनके बच्चों में उस रोग के प्रकट होने का जोखिम सामान्य जनसंख्या की तुलना में बढ़ जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य आनुवंशिकी विशेषज्ञों के अनुसार, सामान्य जनसंख्या में किसी बच्चे में गंभीर जन्मजात विकार या आनुवंशिक रोग का जोखिम लगभग 2ङ्ग3 प्रतिशत होता है, जबकि प्रथम चचेरे भाई-बहनों के विवाह में यह बढ़कर लगभग 4ङ्ग6 प्रतिशत तक हो सकता है,अर्थात जोखिम बढ़ता अवश्य है, लेकिन यह धारणा गलत है कि ऐसे सभी विवाहों से अस्वस्थ संतान ही जन्म लेती है।यद्यपि ऐसे विवाहों में थैलेसीमिया, सिस्टिक फाइब्रोसिस, स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी तथा कुछ दुर्लभ चयापचय और तंत्रिका संबंधी आनुवंशिक रोगों की संभावना अपेक्षाकृत अधिक हो सकती है। यदि किसी समुदाय या परिवार में लगातार कई पीढ़ियों तक निकट संबंधियों में विवाह होते रहें, तो समान दोषपूर्ण जीनों के संचय के कारण यह जोखिम और बढ़ सकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का जोर किसी परंपरा का विरोध करने पर नहीं, बल्कि वैज्ञानिक जागरूकता पर है। विशेषज्ञ विवाह-पूर्व आनुवंशिक परामर्श , पारिवारिक स्वास्थ्य इतिहास का मूल्यांकन, आवश्यक होने पर गर्भावस्था के दौरान आनुवंशिक जांच की सलाह देते हैं। विशेष रूप से जिन परिवारों में पहले से कोई आनुवंशिक रोग मौजूद हो, उनके लिए यह और भी महत्वपूर्ण है।

विवाह सामाजिक और व्यक्तिगत निर्णय है, किंतु स्वस्थ भविष्य के लिए वैज्ञानिक जानकारी भी उतनी ही आवश्यक है। इसलिए इस विषय पर भ्रांतियों या भय के बजाय प्रमाण-आधारित जागरूकता और समय पर चिकित्सकीय परामर्श को प्राथमिकता देना ही समाज और आने वाली पीढ़ियों के हित में होगा।

मेरे अनुसार इस विषय पर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा यूसीसी में किये गये प्रावधान स्वस्थ भावी पीढ़ी की दृष्टि से उचित है एवं सम्मान देने योग्य है।

लेखक



**प्रो.मनमोहन प्रकाश**

## 'प्रेमचन्द के प्रति'

साहित्य को दिया,
प्रगतिशील मंत्र।
सुरभित हुआ,
कालान्तर में लोकतंत्र।
ब्रिटिश युग की पीड़ा का,
किया यथार्थ चित्रण।
सामाजिक परिवर्तन पर,
किया सदा मन्थन।
होरी की वेदना हो,
या हल्कू की व्यथा।
सदा यथार्थ का,
आदर्शोन्मुख रूप दिखा।
कृषकों की समस्या हो,
या नारी की पीड़ा।
इन्हें हल करने का,
उठाया बीड़ा।
विधवा विवाह को,
दिया संबल।
नारी को मिला,
अधिकारों का बल।
विविध मनोदशाओं का,
साहित्यिक अंकन।
भारत-माता का ,
करते सदा वंदन।
कायाकल्प, गबन,
गोदान, कर्मभूमि।
लमही है,
जिनकी जन्मभूमि।
मानसरोवर के आठों
भागों में,
कहानियों का किया
सृजन।
'यमुनेश्वरी' करता उन
प्रेमचंद को,
शत-शत नमन।

रचनाकार



**वल्लभ यमुनेश्वरी**
**नैनपुर**

## निकल जाने दे..

मन में बसा असफलता के
दल दल से निकल जाने दे
खुद को लड़ने लायक बनाने दे

दरिया को उबल जाने दे
जमीन को फट जाने दे
मै बहुत मकसूत हु खुद में
मुझको खुद में ढल जाने दे

मैने सांझ सवेरे सपनों में जिया है
खुदको उसी जिंदगी को
हकीकत में पाने के लिए हिम्मत जुटाने दे

आग का दरिया उबलती ओस
से होता है जो भी
ना रोक तू खुदको जो होता है हो जाने दे
मन में बसा असफलता के
दल दल से निकल जाने दे
खुद को लड़ने लायक बनाने दे

करिश्मा ए कुदरत है तेरा जुनुन
करिश्मा ए कुदरत है तेरा जुनुन
आज ना रोक ये सबको
चिक चिक कर बताने दे
खुद को असलता के डर वाले
दल दल से निकल जाने दे

रख जुनून जुटा हिम्मत
असफलता सीढी
है सफलता की
लगा जोर खुद के बहाने
छोड़ मंजिल तक
खुद को जाने दे
तुझको तेरी मंजिल
से खुद मिल जाने दे..
मन में बसा असफलता के
दल दल से निकल जाने दे
खुद को लड़ने
लायक बनाने दे

रचनाकार



**शैलेश दिवेदार**
**नागरा**
**(9764143751)**

## विस्मित कर विचरे हो!

विस्मित कर विचरे हो,
स्मृति में निखरे हो;
विस्मृत कर बिखरे हो,
व्यापित विस्तारित हो!

सूक्ष्म तत्व संचालित,
यंत्र तंत्र संवाहित;
मंत्र शक्ति उत्प्रेरित,
ध्यान प्रकट प्रभु आबत!


पंच-तत्व भूत रचत,
पंच-कोश प्राकृत रच;
चित्त अहं महत खिलत,
प्रकृति गुण गण मोहत!

सगुण सृजन करवाबत,
निर्गुण निर्देशित करबत;
अपने आयामन रहबत,
जीव जगत व्यस्त रहत!

हर अणु कण किलके हो,
हर गण में चहके हो;
'मधु' प्रभु तुम ही तुम हो,
हर द्रुम द्रुम, दृग दम, तुम ही हो!

**डॉ. गोपाल बघेल 'मधु'**
**टोरोंटो, ओंटारियो, कनाडा**

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 224



ck;i Ii nk;i !& 2) वह ऋतु जो क्वार और कार्तिक महीने में होती है 5) कदाचित 7) एक प्रकार का पद्य या गीत जिसमें विरही या विरहिणी के मुख से बारहों महीनों की प्राकृतिक विशेषताओं का वर्णन कराया जाता है 10) राजी, एकमत 14) लोग, जनता 15) पवनसुत 16) रफूचक्कर, लापता 17) सहायता करना 19) समुदाय 20) साड़ी का आंचल 22) दस और दो, दर्जन 24) लक्ष्मी 25) भोज का निमंत्रण 27) वे पौधे जिनके बीजों से तेल निकाला जाता है 29) इस देश की राज्य घटना दुनिया में सबसे बड़ी है 30) वर्षा, बारिश 31) दोस्त, मित्र, यार 32) जग में सबसे ज्यादा लोकसंख्यावाला देश 33) हाथी 34) कामायनी महाकाव्य के नायक 35) लड़ाई करना 36) टीन का बड़ा आघान 38) भीगा हुआ 40) फायदा 41) असफल 43) रसदार, स्वादिष्ट 45) हुक्के, बीड़ी आदि का कश 46) पत्र, चिट्ठी 48) विजय, सफलता,जीत 50) घमंडी 51) अप्रैल महीने में दिनों की संख्या 52) शपथ 54) रत्न 57) अगर 58) दया 60) कीमत आंकना 63) ललाट पर लगाया गया चन्दनादि का टीका 65) बेल, वल्ली 67) वराह 68) महाराष्ट्र की एक जाति 69) शक्तिशाली, दमवाला 71) दंगा, विद्रोह 73) जिसे मृत्यू या बुढ़ापा न हो 75) नीचे लेटकर किया हुआ प्रणाम 77) पुरुष 78) चमक, प्रकाश 80) उसके बाद, फिर 82) लाभ 83) यज्ञ में आहुती डालना 85) विस्फोटक गोला 86) पूंछ 88) पृथ्वी 90) किसी वस्तु का नीचे का भाग 92) जो भेदा न जा सके 93) कीचड़ 94) सामान रखने का बोरा 96) रखने की क्रिया, देखभाल 98) इराक की राजधानी 100) गृह का स्वामी, 102) विचार, अभिप्राय 104) चान्दी 106) पर्यंत 107) अवस्था, दशा 108) शहर के प्रवेशद्वार पर शासनद्वारा वसूला जानेवाला कर 109) आज के बाद आनेवाला दिन 110) जनानापन 112) चेहरा, सूरत 114) कागज पर लिखा हुआ मिटाने का एक साधन 116) नमकयुक्त व्यंजन, नमकीन 117) धारण करनेवाला 118) इच्छा होते हुए या इच्छा करने पर 119) जोखिमभरा 120) बहुत बड़ा 121) दाना-दाना

Åij I: uhpi !& 1) हाथी के समान चलना 3) दयालू, ईश्वर (उर्दू) 4) असुर, राक्षस 5) भव्य, वैभवशाली 6) मुरदे को कब्र में गाड़ना 7) लगातार, पुनः पुनः 8) घायल और मारे हुए 9) हिन्दू धर्म शास्त्र में वर्णित चार वेदों में एक 10) आघात, चोट, हानि 11) अधिकार 12) पुरुषत्व 13) तानने की क्रिया, खींचाव 18) अर्जी,, आवेदन 19) सरल, सामान्य 21) तात्पर्य, आशय 23) पृथ्वी के नीचे का लोक 26) विवेचना, धारणा 28) करीब करीब 29) दुर्योधन की पत्नी का नाम, जादूगरनी 30) काशी, वाराणसी का एक और नाम 31) प्रेमी,, पति 34) मकई, एक अनाज 36) शरीर की ऊंचाई 37) रखवाली करनेवाला 39) शरम, लज्जा 41) निकम्मा, जो किसी काम के लायक न हो 42) एक बहुचर्चित फिलीस्तीनी नेता 44) किसी कार्य को साध्य करने के चार उपाय 47) परत 49) एक शब्दालंकार 52) न्यून, अल्प 53) धातू से बनाया गया पैसा 55) कामदेव की पत्नी 56) हमारे दूसरे प्रधानमंत्री 59) जनानखाना 61) महाराष्ट्र का वह स्थान जहां डॉ. बाबासाहब आंबेडकरजीने चवदार तले का सत्याग्रह किया था 62) ध्वनि, आवाज 64) बोलने का ढंग 66) झांझ, तालाब 67) चोट लगने के कारण शरीर के अंगो के फुलने की क्रिया 70) मन ही मन में किया गया चिन्तन 72) एक वायु रोग 74) सूर्य 76) खोजबीन, बारीकी से की गई खोज 78) बढ़िया, सुन्दर 79) लालिमा 81) बरसात 84) वादा, वाक्य, कथन 85) व्यवसाय में होनेवाला फायदा 87) यज्ञ (संस्कृत) 89) 'स्वातंत्र्यवीर' उपाधि से विख्यात स्वतंत्रता सेनानी का कुल नाम 91) एक श्रीराम पुत्र 92) चुकता करना 94) छोटी लड़की, बच्ची 95) बच्चे का नाम रखने का संस्कार 97) बड़ी रस्सी 99) बीता हुआ, पिछला 100) गंदगी 101) घटना, वृतांत, रहस्य 103) तक 105) पानी 107) फुलों की माला 111) शरीर की चमड़ी 112) सन्देह 115) बगुला 116) चारपाई 117) रोब, दबदबा (जबाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चि | द | ब | र | म | | दी | दी | | न | फ | र | त | | मु | ख | | अ | न | जा | न |
| क | श | म | क | श | | व | न | रा | ज | | म्य | | का | बा | | उ | भा | र | | ज |
| ना | | | म | क | रं | द | | म | दी | ना | | कु | मा | र | सं | भ | व | | सा | रा |
| | म | ई | | | ग | म | न | | क | ल | क | त्ता | | क | त | रा | | सा | म | ना |
| ना | ह | टा | | म | ही | न | | ख | | न्दा | | | गं | | ति | | आ | मा | दा | |
| ला | ल | न | पा | ल | न | | बा | ल | क | | प | र | दा | दा | | है | | न | म | न |
| य | | ग | र | बा | | बा | ल | | स | त | र | ह | | द | ल | द | ल | | दं | ग |
| क | म | र | | | मा | | स | ता | ना | | दा | मा | द | | ह | रा | | नि | ड़ | र |
| | ज | | | आ | लु | बु | खा | रा | | आ | न | न | | ब | र | बा | द | | भे | |
| सं | दू | क | | क | म | ल | | | ह | ब | शी | | इ | स | | द | ल | ब | द | ल |
| भा | र | त | व | र्ष | | न्द | | आ | वा | ह | न | | स | रा | य | | ना | द | | च |
| जी | | र | म | ण | | श | क | | ला | वा | | ब | लि | | श | व | | ला | य | क |
| | यू | ना | न | | | ह | र | क | त | | ए | का | ए | क | | ज | प | | म | ना |
| ह | रि | | | सं | व | र | ना | | | बे | ह | या | | त | र | न | ता | र | न | |
| स | या | ना | | को | रा | | ट | | क | ल | सा | | ब | रा | म | दा | | फ्ता | | र |
| न | | ना | | च | ह | ल | क | द | मी | | स | म्हा | ल | ना | | र | मा | र | म | ण |

anumeva-08446302691





जग प्रेरणा

# व्यापार समाचार

● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए संरचनात्मक चुनौतियों से निपटने की जरूरतः रिपोर्ट..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत को 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल करने के लिए व्यापार की अधिक लागत, नियमों की जटिलता, बुनियादी ढांचे की कमी और वैश्विक एकीकरण में रुकावटों जैसी संरचनात्मक चुनौतियों से निपटना होगा।***

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। डब्ल्यूटीओ सचिवालय की भारत पर व्यापार नीति समीक्षा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वित्तीय समावेश के मामले में काफी प्रगति हुई है। लेकिन साथ ही, नीतिगत रूपरेखा में अपेक्षाकृत अधिक शुल्क, आयात और निर्यात नियंत्रण का उपयोग, सरकारी व्यापार और बड़े पैमाने पर बजटीय सहायता कार्यक्रम (खासकर अनाज और उर्वरक की आपूर्ति के लिए) शामिल है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की व्यापार और निवेश नीति में क्षेत्रीय व्यापार समझौतों का विस्तार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नियमों का लगातार उदारीकरण और डिजिटलीकरण तथा सीमा शुल्क के आधुनिकीकरण के जरिये व्यापार को आसान बनाने की प्रयास शामिल हैं।

इसमें कहा गया, ''आगे देखा जाए तो अगले वित्त वर्ष 2027-28 में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 6.8 से 7.2 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। इसके साथ मजबूत वृद्धि का रुख जारी रहेगा...।''

रिपोर्ट में कहा गया, ''और आगे देखें तो, 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए मजबूत आर्थिक प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए संरचनात्मक चुनौतियों से निपटना होगा। इन चुनौतियों में व्यापार की अधिक लागत, नियमों की जटिलता, बुनियादी ढांचे की कमी और वैश्विक एकीकरण में रुकावटें शामिल हैं।''

कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम जैसे प्रक्रियात्मक और प्रशासनिक सुधारों को आगे बढ़ाते हुए, व्यापार के माहौल को बेहतर बनाने, उत्पादकता बढ़ाने और व्यापार-प्रतिबंधात्मक उपायों पर निर्भरता कम करने वाले सुधार, संसाधनों के अधिक कुशल आवंटन और प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे उपाय विदेशी निवेश को आकर्षित करने में भी मदद कर सकते हैं।

इसमें कहा गया है कि जैसे-जैसे भारत वैश्विक व्यापार में अपनी भूमिका बढ़ाना, निर्यात में विविधता लाना और अपने लंबे समय के विकास के लक्ष्यों को पूरा करना चाहता है, वैसे-वैसे आत्मनिर्भरता और खुलेपन के बीच संतुलन के साथ बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में भागीदारी और उसमें सुधार, उसके भविष्य की वृद्धि और मजबूती के लिए महत्वपूर्ण कारक बने रहेंगे।

इसके अलावा, पिछले दशक में देश की निर्यात रणनीति में बाजार तक पहुंच बढ़ाने, आर्थिक साझेदारी को बेहतर बनाने और वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकरण को बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का फायदा उठाना शामिल है।

रिपोर्ट में कहा गया, ''यह नई गति लंबे समय तक बाजार तक पहुंच सुरक्षित करने, शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और भारतीय निर्यातकों को क्षेत्रीय और वैश्विक मूल्य श्रृंखला से जोड़ने की दिशा में एक रणनीतिक बदलाव को दिखाती है।'' हाल के वर्षों में, भारत के व्यापार पर कई बाहरी चुनौतियों का असर पड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, ''वैश्विक तनाव, महामारी, जलवायु से जुड़ी घटनाओं और कुछ देशों द्वारा निर्यात पर रोक जैसे कारणों से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट आई है। इससे जरूरी कच्चे माल की उपलब्धता और लागत पर बुरा असर पड़ा है।''

इसमें कहा गया कि भारत को कुछ व्यापार भागीदारों द्वारा गैर-शुल्क उपायों के बढ़ते इस्तेमाल का भी सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण विदेशी बाजारों में भारतीय उद्योग के लिए बाजार तक पहुंच सीमित हुई है।

## कम बारिश वाले इलाकों में खरीफ बुवाई पर निगाह रखें अधिकारी : चौहान

नई दिल्ली, (भाषा)।

***कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को अधिकारियों को कम बारिश वाले जिलों में खरीफबुवाई की प्रगति पर बारीकी से नजर रखने और बीज व उर्वरक जैसी जरूरी चीजों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।***



एक जून से 15 जुलाई, 2026 की अवधि के दौरान, देश में औसत बारिश सामान्य से 23 प्रतिशत कम दर्ज की गई। एक सरकारी बयान के अनुसार, चौहान ने खरीफ फसलों की बुवाई की प्रगति, अल-नीनो के असर और मानसून की मौजूदा स्थिति तथा कम बारिश वाले संवेदनशील जिलों की स्थिति का आकलन करने के लिए विस्तृत समीक्षा की। बीज और उर्वरक की उपलब्धता के साथ-साथ जलाशयों में पानी के भंडारण की भी समीक्षा की गई।

मंत्री ने अधिकारियों को कम बारिश वाले इलाकों पर विशेष नजर रखने और राज्यों के साथ लगातार तालमेल बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे जरूरत के अनुसार राज्यों के साथ तालमेल बैठाकर उचित कृषि प्रबंधन और आपातकालीन उपाय सुनिश्चित करें। 17 जुलाई तक खरीफ फसलों की कुल बुवाई का रकबा 658.19 लाख हेक्टेयर था, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 700.47 लाख हेक्टेयर था।

मंत्रालय ने माना कि पिछले साल की तुलना में अब तक कुल बुवाई का रकबा कम है, लेकिन कई राज्यों में धान, दलहन और अन्य फसलों की बुवाई में सकारात्मक प्रगति हुई है।

चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकारों के साथ दलहन, तिलहन और कपास मिशन द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं और जमीनी स्तर से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान, संभावित अल-नीनो स्थितियों और बारिश के लिहाज से 270 संवेदनशील जिलों की स्थिति की समीक्षा की गई।

मानसून और बारिश की स्थिति पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। विभिन्न राज्यों में बारिश की स्थिति, कम और ज्यादा बारिश वाले इलाकों, फसलों की बुवाई की प्रगति और एनडीवीआई (नॉर्मलाइज्ड डिफरेंस वेजिटेशन इंडेक्स) जैसे संकेतकों के आधार पर फसलों की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

बैठक में मानसून की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ खरीफ सत्र के दौरान कृषि गतिविधियों के लिए अनुकूल परिस्थितियों पर भी चर्चा की गई। मंत्रालय ने कहा कि पूरे देश में मानसून के फैलने से ज्यादातर राज्यों में खरीफ फसलों की बुवाई के लिए अनुकूल हालात बन गए हैं।

बैठक के दौरान, खाद (खासकर यूरिया) और बीजों की उपलब्धता और वितरण की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ2026 के लिए खाद और बीजों की पर्याप्त आपूर्ति है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जमीनी हकीकत की जानकारी कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) और राज्य सरकारों से ली जानी चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे यह पक्का करें कि किसानों को उनकी जरूरत के हिसाब से खाद मिले। किसी भी तरह की कमी होने पर तुरंत समाधान किया जाना चाहिए।

समीक्षा बैठक में चौहान ने निर्देश दिया कि राज्यों के साथ तालमेल बैठाकर खरीफ सत्र के दौरान खेती-बाड़ी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाए। उन्होंने किसानों के लिए वैज्ञानिक सलाह, मौसम पर आधारित खेती के प्रबंधन और योजनाओं को असरदार ढंग से लागू करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने और खेती का उत्पादन बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## रियायती अदला-बदली सुविधा के तहत एफ. सी. एन. आर. -बी. प्रवाह में विदेशी बैंकों का हिस्सा का अधिक..

मुंबई, (भाषा)।

***बैंक अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की रियायती अदला-बदली सुविधा के तहत जमा किए गए 17 अरब डॉलर से अधिक की विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर-बी) जमा में विदेशी बैंकों की हिस्सेदारी अधिक है।***



बैंक अधिकारियों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अब तक आए कोष में सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बड़े और निजी क्षेत्र के बैंकों की बड़ी हिस्सेदारी है।

आरबीआई ने सोमवार को कहा था कि विदेशी मुद्रा के प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई उसकी रियायती अदला-बदली सुविधा ने 17 जुलाई तक 20.72 अरब डॉलर जुटाए हैं। इसमें 17.41 अरब डॉलर एफसीएनआर-बी से, 1.97 अरब डॉलर ओएफसीबी (विदेशी स्रोतों से विदेशी मुद्रा कर्ज) से और 1.34 अरब डॉलर बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) से आए।

केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, कुल कोष में एफसीएनआर(बी) जमा का हिस्सा 17.41 अरब डॉलर है, जबकि ओएफसीबी का योगदान 1.97 अरब डॉलर और बाह्य वाणिज्यिक उधारी का योगदान 1.34 अरब डॉलर था।

करूर वैश्य बैंक के उप-महाप्रबंधक और ट्रेजरी प्रमुख वी. रामचंद्र रेड्डी ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''आरबीआई की एफसीएनआर (बी) योजना के तहत जमा किए गए कोष का बड़ा हिस्सा विदेशी बैंकों से आया हो सकता है। उसके बाद सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बड़े बैंक और निजी क्षेत्रों के बैंकों का स्थान आता है। विदेशी बैंकों को विदेशी डॉलर वित्त पोषण आसानी से मिल जाता है, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े और निजी क्षेत्र के बैंकों को गिफ्ट सिटी और विदेशी शाखाओं में अपनी मौजूदगी का लाभ मिलता है। इससे वे आरबीआई की अदला-बदली सुविधा का प्रभावी ढंग से उपयोग कर पाते हैं।''

रेड्डी ने कहा, ''इसके उलट, ज्यादातर छोटे और मझोले बैंक, जिनकी विदेश में मौजूदगी या गिफ्ट सिटी में कामकाज बहुत कम या बिल्कुल नहीं है, वे मुख्य रूप से आम लोगों से मिलने वाले एफसीएनआर-बी जमा पर निर्भर रहते हैं।''

निजी बैंक के एक अधिकारी ने कहा कि विदेशी बैंकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत उपस्थिति और विदेश से आसानी से कोष मिलने की वजह से लाभ मिलता है।

कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा, ''भारतीय रिजर्व बैंक की योजना के तहत कम समय में ही अच्छी-खासी रकम जमा हुई है। हालांकि, अभी यह साफनहीं है कि एफसीएनआर (बी) में आया कितना पैसा नया है और कितना पुरानी जमा के नवीनीकरण या पहले की जमा आगे की अवधि लिए जमा के रूप में आई है।''

सार्वजनिक क्षेत्र के एक बैंक के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि एफसीएनआर (बी) में आया पैसा नई जमा और परिपक्व हो चुकी जमा की जगह आए पैसे का मिला-जुला रूप लगता है।

उन्होंने कहा, ''आरबीआई ने बैंकों से आंकड़ा मांगा है, लेकिन उसने खास तौर पर नई जमा के आंकड़े नहीं मांगे हैं। मेरा मानना है कि बताई गई संख्या में नया पैसा और परिपक्व हो चुकी जमा की जगह आया पैसा, दोनों शामिल हैं।''

केंद्रीय बैंक ने कहा कि आठ जून, 2026 को शुरू होने के बाद से अदला-बदली सुविधा में लोगों ने काफी दिलचस्पी दिखाई है और विदेशी मुद्रा का लगातार प्रवाह हुआ है। इसमें एफसीएनआर (बी) जमा में काफी अच्छी वृद्धि देखी गई है।

आरबीआई ने भारत के भुगतान संतुलन को मजबूत करने और पूंजी प्रवाह को प्रोत्साहित करने के कई उपायों के तहत पांच जून, 2026 को यह अदला-बदली सुविधा पेश की थी।

यह सुविधा आठ जून, 2026 को परिचालन में आई और यह एफसीएनआर (बी) जमा के लिए 30 सितंबर, 2026 तक और ओएफसीबी तथा ईसीबी के लिए 31 दिसंबर, 2026 तक उपलब्ध है।

## आइकिया की दिल्ली-एनसीआर में छह स्टोर खोलने की योजना, 30 जुलाई को दूसरा बिक्री केंद्र शुरू होगा..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***स्वीडन की खुदरा फर्नीचर विक्रेता कंपनी आइकिया ने मंगलवार को कहा कि उसकी अगले कुछ साल में दिल्ली-एनसीआर इलाके में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए छह स्टोर तक खोलने की योजना है।***




इसमें शहर के अंदर खुलने वाले छोटे स्टोर और बड़े 'कॉन्सेप्ट स्टोर' दोनों शामिल होंगे। इसी रणनीति के तहत, आइकिया इंडिया ने दिल्ली-एनसीआर में साकेत के डीएलएफएवेन्यू में अपने दूसरे सिटी-फॉर्मेट स्टोर को खोलने की घोषणा की। लगभग 30,000 वर्ग फुट में फैला यह बिक्री केंद्र दक्षिण और मध्य दिल्ली के साथ-साथ आस-पास के इलाकों के ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करेगा। यह सिटी-फ़ॉर्मेट स्टोर 30 जुलाई को खुलने वाला है। आइकिया इंडिया के भारत में वाणिज्यिक प्रबंधक अडोश शर्मा ने कहा कि कंपनी को दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और फ़रीदाबाद में काफ़ी वृद्धि की संभावना दिख रही है।

शर्मा ने पीटीआई-भाषा से कहा, ÷मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि एनसीआर इलाके में - दिल्ली, फ़रीदाबाद, नोएडा और गुरुग्राम के बीच - हम अगले कुछ साल में लगभग छह स्टोर खोलने पर विचार कर सकते हैं।÷

आइकिया ने वर्ष 2025 में ई-कॉमर्स के ज़रिये दिल्ली-एनसीआर बाजार में प्रवेश किया था और बाद में पैसिफ़िक मॉल, टैगोर गार्डन में अपना पहला सिटी-फॉर्मेट स्टोर खोला था, जिसे गुरुग्राम में एक सेंट्रल डिस्ट्रिब्यूशन सेंटर से समर्थन मिलता है। कंपनी ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में अपने पहले स्टोर से मिली ग्राहकों की जानकारी से इस इलाके में अपनी विस्तार रणनीति को आकार देने में मदद मिल रही है।

इस महीने की शुरुआत में, आइकिया इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पैट्रिक एंटनी ने कहा था कि कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2030 तक पूरे भारत में लगभग 30 स्टोर चलाना है, जिनमें बड़े और छोटे, दोनों तरह के स्टोर शामिल होंगे। कंपनी ने वर्ष 2030 तक भारत में अपना निवेश दोगुने से ज़्यादा करके 21,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा करने की योजना की भी घोषणा की है और ई-कॉमर्स के ज़रिये उत्तर भारत में अपनी पहुंच बढ़ा रही है।

## अमेरिकी शोध संस्थान की मोदी सरकार को सलाह, सभी सार्वजनिक उपक्रमों का करें निजीकरण

वाशिंगटन, (भाषा)।

***अमेरिकी शोध संस्थान सीएसआईएस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए सुधारों का 30-सूत्री एजेंडा सुझाया है, जिसमें सभी केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसई) का 10 वर्षों में निजीकरण करने की योजना भी शामिल है।***

'सेंटर फॉर स्ट्रैटजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज' (सीएसआईएस) की इस रिपोर्ट में सुझाए गए 30 सुधारों में से तीन को मोदी सरकार पहले ही लागू कर चुकी है। इनमें जन विश्वास विधेयक 2.0 पारित करना, परमाणु क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोलना और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों का सरलीकरण शामिल हैं।

रिपोर्ट में सुझाए गए अन्य प्रस्तावों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के स्रोत एवं गंतव्य पर वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करना और भारतीय कंपनियों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की सीमा बढ़ाना शामिल हैं।

सीएसआईएस में भारत और उभरते एशिया अर्थशास्त्र के चेयर रिचर्ड रोसो ने कहा, ''सरकार के पास बड़े सुधारों को आगे बढ़ाने की गुंजाइश दिखती है और हाल के परमाणु एवं बीमा क्षेत्र के सुधार इस दिशा में संभावनाएं दिखाते हैं।''

इस रिपोर्ट में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाने, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सरकारी हिस्सेदारी घटाकर 33 प्रतिशत करने, पेट्रोलियम उत्पादों, शराब, रियल एस्टेट एवं बिजली को जीएसटी के दायरे में लाने और एक एकीकृत ऑनलाइन विवाद समाधान मंच स्थापित करने के सुझाव भी दिए गए हैं।

इसमें सीमा शुल्क, डीजीएफटी, बंदरगाहों, बैंकों और पोत परिवहन कंपनियों से जुड़ी प्रक्रियाओं के एकीकरण के लिए एक ही पोर्टल बनाने, बैंकों पर प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को कर्ज देने की अनिवार्यता हटाने और विभिन्न राज्यों में पंजीकृत करदाताओं के लिए जीएसटी ऑडिट की जटिलता कम करने की भी सिफारिश की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और कारोबारी माहौल सुधारने के लिए घरेलू आर्थिक सुधार आगे की वृद्धि एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

## शेयर बाजार में दूसरे दिन गिरावट; पश्चिम एशिया संकट से सेंसेक्स 238 अंक और टूटा

मुंबई, (भाषा)।




स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक में बिकवाली के दबाव के साथ अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से बीएसई सेंसेक्स 238 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी में 51 अंक की गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 238.41 अंक यानी 0.31 प्रतिशत टूटकर 77,470.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 371.19 अंक की गिरावट के साथ 77,337.33 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 50.80 अंक यानी 0.21 प्रतिशत के नुकसान के साथ 24,187.70 अंक पर बंद हुआ।

विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी ने शेयर बाजारों में जोखिम से बचने का माहौल बना दिया है। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचडीएफसी बैंक में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह दो प्रतिशत नीचे आ गया। तिमाही वित्तीय परिणाम में मार्जिन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने से बैंक का शेयर नुकसान में रहा।

इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और ट्रेंट में भी प्रमुख रूप से गिरावट आई।

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, इंटरग्लोब एविएशन, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, ''पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच निवेशकों के जोखिम लेने से बचने के कारण भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। घरेलू स्तर पर, एचडीएफसी बैंक के नतीजों के बाद आई गिरावट से बैंक और वित्तीय क्षेत्र में हुए नुकसान ने दूसरे कुछ प्रमुख शेयरों में हुई बढ़त के असर को समाप्त कर दिया, जिससे मानक सूचकांक पर दबाव पड़ा।'' मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स 0.20 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.16 प्रतिशत लाभ में रहा।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद, मजबूत कॉरपोरेट नतीजों की उम्मीद और मांग-आधारित व्यापार अद्यतन के कारण मिडकैप (मझोली कंपनियां) अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।'' रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, ''कुछ चुनिंदा बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद से बेहतर रहने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा। इससे निजी बैंकिंग सेक्टर में कमजोरी से जुड़ी चिंताओं को कम करने में मदद मिली। हालांकि, पश्चिम एशिया में फिर से बढ़े तनाव, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक ब्याज दरों को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण निवेशक सतर्क रहे।''

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 1,121.04 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.66 प्रतिशत बढ़कर 90.03 डॉलर प्रति बैरल रहा। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहे, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स सोमवार को 442.93 अंक टूटकर 77,708.52 अंक और निफ्टी 95.80 अंक की गिरावट के साथ 24,238.50 अंक पर बंद हुआ था।पश्चिम एशिया संकट से सेंसेक्स 238 अंक और टूटा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान कार्यक्रम आयोजित




**जगप्रेरणा किरनापुर।**

***शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान' के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। 16 जुलाई को महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।***

जिसमें किरनापुर थाना क्षेत्र से आए दामेंद्र तुरकर ने छात्रों को विभिन्न प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह दी, उन्होंने कहा समाज में अपराध बढ़ने का एक मुख्य कारण नशा है,नशा व्यक्ति को शरीरिक एवं मानसिक रूप से कमज़ोर बनाता है। इसलिए छात्र जीवन में ही नहीं ब्लकि पूरे जीवन काल में कभी नशा न करें। इसके बाद प्राचार्य महोदया डॉक्टर सुनीता जैन ने भी नशे के कारण सामाज पर होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा नशे से सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाएँ है। जैसे घरेलु हिंसा, शोषण, तथा पारिवारिक संबंधों पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। नशा केवल किसी व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए हानिकारक है द्य युवा अपने घरों से लेकर पूरे समाज में इसके लिए जागरुकता फैलाए और किसी भी नशीले पदार्थ से हमेशा दूर रहें।

इसके उपरांत, महाविद्यालय परिसर में सभी छात्रों, स्टाफ़ के सदस्यों एवं थाने से आए विशिष्ट अतिथि ने शपथ भी ग्रहण की, कि नशे से हमेशा दूरी बनाए रखेंगे और किसी को करने भी नशा नही देंगे। इस गरिमामय माहौल में सभी छात्रों को पंपलेट भी बाटें गए और बालाघाट जिले के एसपी द्वारा साईन किया गया ऑनलाइन सर्टिफिकेट भी सभी ने प्राप्त किया।

मंच संचालन डालेश विजयवार द्वारा किया गया। **NSS** प्रभारी साक्षी बंसोड के साथ मान्यता तिवारी ने स्टाफ़ के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

इसके उपरांत 20 जुलाई को छात्रों को एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गयी। इसमें यह संदेश दिया गया कि युवा पीढ़ी नशे की लत में अपना और अपने परिवार का भविष्य बर्बाद कर रहीं है। अगर कोई छात्र ऐसी स्थिति का सामना कर भी रहा हो तो वह घबराए नहीं अपने अभिभावकों तथा शिक्षकों से खुल कर चर्चा करे। **National** हेल्पलाइन नंबर 14446 पर भी कॉल कर सकते है। बालाघाट **PG college** से आए **NSS** के **volunteers** ने महाविद्यालय के नवप्रवेशित छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जीवन को बेहतर बनाने के लिए नशा नहीं ब्लकि खेल, नृत्य, संगीत, योग एवं प्रेम पूर्ण आपसी संबंध मायने रखते है।

इसके बाद 21 जुलाई को पोस्टर **making** कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें छात्रों ने पोस्टर के माध्यम से नशे से दूरी बनाए रखने का संदेश दिया। **NSS** प्रभारी सुश्री साक्षी बंसोड ने छात्रों के साथ मिल कर इस विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा नशा आज के समय की एक गंभीर सामाजिक समस्या है। शराब, तंबाकू, गुटखा और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर बुरा प्रभाव डालता है। नशे की लत से शरीर कमजोर होता है, अनेक गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं और मानसिक तनाव भी बढ़ता है।

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित इस अभियान को सफल बनाते हुए, महाविद्यालय में इस प्रकार उपरोक्त कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और सभी ने यह भी जाना कि स्वस्थ जीवन, नियमित व्यायाम, अच्छे मित्रों का साथ और सकारात्मक सोच अपनाकर नशे से बचा जा सकता है। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे।

नशा जीवन को बर्बाद करता है, जबकि नशामुक्त जीवन सुख, स्वास्थ्य और सफलता की ओर ले जाता है। इसलिए 'नशे से दूरी है ज़रूरी' का संदेश अपनाकर एक स्वस्थ और खुशहाल समाज का निर्माण करें।

# साकेत में रंगोली, चित्रकला से बताया नशे के दुष्परिणाम, सफलता पाने आप व समाज को नशे से बनाना होगी दूरी..









**जगप्रेरणा लांजी।**

***नशा आज समाज के साथ-साथ हमारी युवा पीढ़ी और स्कूली बच्चों के भविष्य को भी अंधकार में धकेल रहा है। इसी गंभीर विषय को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के***

तहत नगर के साकेत पब्लिक स्कूल में 21 जुलाई को विशेष नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय द्वारा संचालक संतोष मोरघड़े की उपस्थिति में छात्र छात्राओं के माध्यम से रंगोली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन लांजी थाना प्रभारी (टीआई) मुकेश दुबोलिया के मार्गदर्शन में हुआ, रंगोली के माध्यम से छात्र छात्राओं के द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं एवं समाज को को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लांजी थाने से एसआई विधि पांडे ने छात्र छात्राओं को समझाया कि जीवन में सफलता पाने के लिए नशे से दूरी बनाना बेहद जरूरी है। पुलिस विभाग की ओर से विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें , साथ ही अपने आसपास और परिवार में भी यदि कोई इस लत का शिकार है, तो उसे इससे मुक्त कराने का प्रयास करें।

इस बेहद महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कार्यक्रम के दौरान लांजी थाने से प्रधान आरक्षक सुजीत पाल, महिला आरक्षक प्रीति प्रजापति एवं पुलिस स्टाफ के साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार ने लांजी पुलिस की इस अनूठी पहल की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी बच्चों और स्टाफ ने नशे से हमेशा दूर रहने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

# वन विभाग में पदोन्नति: रमेश वाकले बने वनपाल, रविन्द्र सोनवाने को उपवन क्षेत्रपाल का दायित्व..



**जगप्रेरणा लांजी।**

***मध्य प्रदेश वन विभाग में पदोन्नति की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। वन संरक्षक वनवृत्त, बालाघाट द्वारा जारी आदेश के अनुसार, म.प्र. लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के तहत वृत्त स्तरीय***

विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक गत दिनों आयोजित की गई।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख, म.प्र. भोपाल के पत्र के परिपालन में जारी कार्यालयीन आदेश के तहत 38 वनपालों को उपवनक्षेत्रपाल के 45 पदों पर पदोन्नत किया गया है। शेष 7 पदों पर लिफाफा बंद रखा गया है।

इसके साथ ही वनरक्षकों को वनपाल के पद पर पदोन्नति दी गई है। वनरक्षक रमेश कुमार वाकले को वनपाल के पद पर पदोन्नत करते हुए संबंधित कार्यालय में आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है। अन्य पात्र वनरक्षकों को भी इसी क्रम में पदोन्नति प्रदान की जा रही है। इसी तरह वनपाल रविन्द्र कुमार सोनवाने को उपवनक्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नत किया गया है।यह पदोन्नति कर्मचारियों के लंबे समय के सेवा अनुभव और योग्यता को सम्मानित करने वाली है।

वन विभाग के अधिकारियों ने इसे विभागीय दक्षता बढ़ाने और कर्मचारियों के मनोबल को ऊंचा रखने वाला कदम बताया है। वन संरक्षक वनवृत्त, बालाघाट ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि वे नए दायित्वों का निर्वहन पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ करेंगे, जिससे जंगलों की सुरक्षा और संरक्षण कार्य और अधिक प्रभावी होगा।

# रजेगांव सेवा सहकारी समिति में डीएपी खाद का संकट: फसलों की गुणवत्ता और पैदावार पर मंडराया खतरा..






**जगप्रेरणा किरनापुर।**

रजेगांव प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति में रासायनिक उर्वरकों, विशेषकर डीएपी **(DAP)** और **NPKS**(20:20:13), की भारी किल्लत के कारण क्षेत्र के किसान परेशान हैं। बुवाई और फसलों के शुरुआती विकास के इस महत्वपूर्ण समय पर समिति के चक्कर काटने । खाद की समय पर आपूर्ति न होने से किसानों को डर है कि उनकी फसलों की बढ़त रुक जाएगी और इस बार उत्पादन व गुणवत्ता दोनों में भारी गिरावट देखने को मिलेगी।

## किसानों की मुख्य समस्याएं और चिंताएं..

एनपीके/डीएपी का अभाव: फसलों की जड़ों को मजबूत करने और शुरुआती पोषण के लिए डीएपी और 20:20:13 उर्वरक सबसे जरूरी माने जाते हैं। इनकी कमी सीधे तौर पर पौधे के विकास को प्रभावित कर रही है।

**समय पर आपूर्ति न होना:** समिति के बाहर किसानों की कतारें लग रही हैं, लेकिन स्टॉक खत्म होने या न पहुंचने का हवाला देकर उन्हें डीएपी और 20:20:13 के बदले दूसरा खाद ले जाने को कहा जाता है। मजबूरी में किसान सुपर खाद की बोरी उठाकर चले जाता है और कहता है कि इस सुपर खाद में यूरिया मिलाकर फसलों में डाल देंगे तो कुछ तो फसल होगी किसान अपने को तसल्ली देकर मजबूरी में जो कुछ मिलता है लेकर चला जाता है।

**फसलों की गुणवत्ता पर असर:** कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, शुरुआती चरण में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश की सही खुराक न मिलने से पौधों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिससे कीटों का प्रकोप बढ़ता है और अनाज की गुणवत्ता घट जाती है।

**कालाबाजारी का डर:** समिति से खाद न मिलने के कारण छोटे और सीमांत किसान निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदने के लिए मजबूर हो रहे हैं, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है। **क्षेत्रीय किसानों का कहना है** -लगातार मौसम की अनिश्चितताओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में सहकारी समिति द्वारा समय पर उर्वरक उपलब्ध न कराना उनके साथ बड़ा अन्याय है।

**बोले स्थानीय किसान**-'रजेगांव समिति में पर्याप्त डीएपी और 20:20:13 खाद की व्यवस्था नहीं की गई, तो हमारी मेहनत और लागत दोनों बर्बाद हो जाएंगी। प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेकर खाद की रैप सप्लाई सुनिश्चित करनी चाहिए।'

## प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की गुहार..

किसानों ने कृषि विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि रजेगांव सेवा सहकारी समिति में जल्द से जल्द डीएपी और अन्य आवश्यक खादों का नया स्टॉक भेजा जाए, ताकि फसलों को नुकसान से बचाया जा सके और किसानों को आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े।



## बोले किसान..

मैं किसान ग्राम देवगांव निवासी हूं रजेगांव समिति खाद के लिए आया हूं किंतु डीएपी खाद नहीं मिलने से अब मुझे सुपर खाद लेकर जाना पड़ रहा है। क्या करें खाद डीएपी और 20:20:13 की जरूरत थी किंतु नहीं मिलने से सुपर खाद लेकर जा रहे हैं इसमें यूरिया मिलाकर मारेंगे कुछ तो फसल होगी ।



## बोले खाद प्रभारी..

सेवा सहकारी समिति रजेगांव में डीएपी 20:20:13 खाद नही है। रबी का स्टॉक बचा था जिसमें 53 टन खाद डीएपी 20: 20: 13बचा था जिसे हमने किसानों को बांट दिया है। डीएपी खाद की डिमांड तो लगभग सौ टन से भी अधिक होती है किंतु नहीं आता है। हमारे यहां किसानों की संख्या 1000 के ऊपर है।

# बारिश में भी नहीं थमा जोश, एनएसएस और पुलिस की नशा मुक्ति रैली ने दिया जागरूकता का संदेश..

## 'नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत' अभियान के तहत संगोष्ठी, शपथ और रैली का आयोजन..






**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में मंगलवार को राष्ट्रीय*** सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं बालाघाट पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत' अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी, नशामुक्ति शपथ एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में किया गया।

महाविद्यालय के वर्चुअल हॉल में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. योगेश विजयवार ने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी यदि नशे से दूर रहेगी तो राष्ट्र का भविष्य भी मजबूत होगा।

पुलिस विभाग की मेघा तिवारी ने 'नशा मुक्ति अभियान 2.0' की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 15 से 31 जुलाई तक व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं महिला आरक्षक साधना सैधव ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम में आरक्षक चिरंजीव बिसेन, निलेश बघेल, श्रद्धा चौहान, विशेष दस्ता के डिंपल, गगन एवं अलका तथा नेशनल वॉलिंटियर सिद्धार्थ गेडाम उपस्थित रहे।

एनएसएस स्वयंसेविका श्रुति गौतम ने भी अपने विचार रखते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया। संगोष्ठी के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्ति की शपथ ली। इसके बाद महाविद्यालय परिसर से अंबेडकर चौक तक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बनाकर 'नशे से दूरी है जरूरी' और 'नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत' जैसे नारों के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। बारिश के बावजूद एनएसएस स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था। पूरे जोश और ऊर्जा के साथ निकाली गई इस रैली ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और नशामुक्त समाज के निर्माण का प्रभावी संदेश दिया।

कार्यक्रम का सफल संचालन एवं नेतृत्व प्रो. सुखचंद्र ऐड़े, कार्यक्रम अधिकारी (बालक इकाई) तथा डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे, कार्यक्रम अधिकारी (बालिका इकाई) ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शांति देवी बड़गैया का निधन



**जगप्रेरणा लांजी।**

नगर के लोधी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 9 (वर्तमान में हाऊबाग जैन मंदिर के सामने) निवासरत श्रीमती शांति देवी रामेश्वर बड़गैया का 21 जुलाई को सुबह 11 बजे 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप अपने पीछे चार पुत्र राजेन्द्र बड़गैया, महेंद्र बड़गैया, सुरेन्द्र बड़गैया, नरेंद्र बड़गैया एवं एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गई। इनका अंतिम संस्कार आज 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे कोटेश्वर मोक्षधाम में किया जाएगा। इष्ट मित्रों, परिजनों, नाते रिश्तेदारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें, तथा शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।


दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे. मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# विधानसभा में गूंजा बालाघाट की रेत का मुद्दा, विधायक मधु भगत ने ग्राम पंचायतों को सस्ती दरों पर रेत उपलब्ध कराने की उठाई मांग

जगप्रेरणा बालाघाट।

***परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में बालाघाट जिले में रेत की गंभीर समस्या का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए सरकार का ध्यान ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न हो रहे संकट की ओर आकर्षित किया।***







उन्होंने विधानसभा में प्रश्न क्रमांक 770 के माध्यम से वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान जिले की रेत खदानों की स्थिति, निविदा प्रक्रिया, स्वीकृत ठेकों, संचालित रेत घाटों तथा वर्तमान व्यवस्था से संबंधित विस्तृत जानकारी सरकार से मांगी। विधायक मधु भगत ने सदन में कहा कि बालाघाट जिले में अधिकांश रेत खदानों के ठेके समाप्त हो जाने और लंबे समय से नई स्वीकृतियां जारी नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। ग्राम पंचायतों को निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक रेत उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्थिति ऐसी बन गई है कि पंचायतें स्वीकृत कार्यों को समय पर पूरा नहीं कर पा रही हैं और ग्रामीणों को इसका सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण सड़क निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन, पंचायत भवन तथा अन्य बुनियादी विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि रेत की अनुपलब्धता के कारण कई परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। जिन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान स्वीकृत हुए हैं, वे भी समय पर निर्माण पूरा नहीं कर पा रहे हैं। इससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है और पंचायतों पर भी अनावश्यक दबाव बन रहा है। विधायक भगत ने सरकार को याद दिलाया कि वर्ष 2013-14 में ऐसी व्यवस्था लागू थी, जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायतों को स्थानीय विकास कार्यों और आम जनता की आवश्यकताओं के लिए निर्धारित एवं आसान दरों पर रेत उपलब्ध कराई जाती थी। उस व्यवस्था से पंचायतों को निर्माण सामग्री प्राप्त करने में सुविधा मिलती थी तथा विकास कार्य बिना किसी बाधा के संचालित होते थे। उन्होंने मांग की कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए उसी प्रकार की व्यवस्था को पुनः लागू किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिल सके और लोगों को राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में रेत की कमी के कारण निर्माण कार्यों की लागत भी बढ़ रही है। जहां कहीं निजी स्तर पर रेत उपलब्ध हो रही है, वहां उसकी कीमत आम लोगों और पंचायतों की पहुंच से बाहर है। इससे गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों को मकान निर्माण में अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार पंचायत स्तर पर नियंत्रित और पारदर्शी व्यवस्था लागू करती है, तो अवैध उत्खनन पर भी प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी और ग्रामीणों को उचित दरों पर रेत उपलब्ध होगी। विधानसभा में विधायक मधु भगत द्वारा उठाए गए इस मुद्दे को बालाघाट जिले की लंबे समय से चली आ रही एक प्रमुख समस्या के रूप में देखा जा रहा है। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार रेत की कमी और विकास कार्य प्रभावित होने की शिकायतें सामने आती रही हैं। पंचायत प्रतिनिधियों का भी कहना है कि रेत उपलब्ध नहीं होने के कारण कई स्वीकृत निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे नहीं हो पा रहे हैं।

विधायक भगत ने सरकार से आग्रह किया कि बालाघाट जिले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ठोस निर्णय लिया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को सरल एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित दरों पर रेत उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रधानमंत्री आवास सहित सभी विकास कार्यों में तेजी आए, ग्रामीण जनता को राहत मिले और शासन की योजनाओं का लाभ समय पर लोगों तक पहुंच सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस महत्वपूर्ण जनहित के विषय पर सकारात्मक निर्णय लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करेगी।

# छात्रों के बीच पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा नशा ही नाश का कारण है..

## एसपी आदित्य मिश्रा के निर्देशन में उकवा के एकलव्य हायर सेकंडरी स्कूल में पुलिस ने चलाया नशा विरोधी महाअभियान





संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***मध्य प्रदेश शासन एवं मध्य प्रदेश पुलिस के संयुक्त पहल पर बालाघाट जिले के पुलिस कप्तान पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा के निर्देशन में प में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक 'नशे से दूरी है जरूरी - जीरो टू पॉइंट जीरो' 15 दिवसीय पखवाड़ा मनाया जा रहा है।***

इसी अभियान के तहत सोमवार को उकवा के एकलव्य हायर सेकेंडरी स्कूल में बालाघाट पुलिस द्वारा एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को नशे की लत से बचाना और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इसी कड़ी में पुलिस दल लगातार गांव-गांव, स्कूल-कॉलेज जाकर जनजागरूकता फैला रहा है।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नितेश भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ थाना प्रभारी रूपझर श्री कामेश धूमकेती, चौकी प्रभारी उकवा निरीक्षक सुभाष दुबे, उपनिरीक्षक हेमंत कुमार, प्राचार्य अनिल सोलंकी व सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक और नितिन कुमार मंच पर उपस्थित रहे। स्कूल के हजारों छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत और पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया।



### एएसपी नितेश भार्गवः 'छात्र जीवन ही भविष्य की नींव'

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नितेश भार्गव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहाः ÷आपका छात्र जीवन ही आपके पूरे भविष्य की नींव है। यही वो उम्र है जब आप मेहनत करके अपने माता-पिता, अपने स्कूल और अपने देश का नाम रोशन कर सकते हो। लेकिन अगर इसी उम्र में नशे जैसी बुरी लत लग गई तो जीते जी व्यक्ति का जीवन किसी अभिशाप की तरह हो जाता है,जहां अन्य लोग प्रगतिपथ पर आगे बढ़ते जाते है, और नशे का आदि सिर्फऔर सिर्फ पीछे की ओर आता है।

नशा सिर्फशरीर ही नहीं, दिमाग, सोचने की शक्ति और सपने सब खत्म कर देता है। इसलिए नशे को ना कहें। खेलिए, पढ़िए, लक्ष्य पर ध्यान दीजिए। नशे से दूरी ही आपको जीरो से हीरो बनाएगी। याद रखिए - नशे से दूरी है जरूरी, तभी जीवन रहेगा जीरो टू पॉइंट जीरो।÷

### अन्य वक्ताओं ने रखे विचार

थाना प्रभारी रूपझर श्री कामेश धूमकेती ने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। इससे घर में झगड़े, गरीबी और अपराध बढ़ते हैं। नशे के आदि परिवार में हमेशा आर्थिक और मानसिक परेशानी बनी ही रहती है चौकी प्रभारी उकवा निरीक्षक सुभाष दुबे ने महापुरुषों के उदाहरण देकर बताया कि अनुशासन और नशे से दूरी ही सफलता की कुंजी है। जिन लोगों ने तरक्की किया देश के लिय अपने आप को निछावर किया,आज वो हम सभी के लिय प्रेरणा है,ओर अनंत अनंत काल तक पूज्यनीय रहेंगे,परन्तु नशा करने वाला व्यक्ति कितना भी अच्छा हो वो अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा को भी खो देता है, उपनिरीक्षक हेमंत कुमार ने साइबर क्राइम और नशे के नए रूपों से सतर्क रहने की सलाह दी।

### पुलिस टीम का सराहनीय योगदान

इस आयोजन को सफल बनाने में पुलिस चौकी उकवा की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसमें सहायक उपनिरीक्षक विनोद ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक दुर्गा प्रसाद बिसेन, प्रधान आरक्षक अनिल उइके, प्रधान आरक्षक लेखराम उइके, प्रधान आरक्षक तेजराम उइके, प्रधान आरक्षक विद्यासागर पटले, *आरक्षक टेकवन लिल्हारे*सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर प्रतीक, नवीन, दीपक, उदय के साथ-साथ विशेष सहयोगी दस्ते के अनेक जवान उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य अनिल सोलंकी ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया और कहा कि ÷ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए।÷ और कहा कि यह अभियान केवल पुलिस का नहीं अपितु हम सभी का है, समापन पर सभी छात्रों ने ÷नशे के खिलाफ÷ शपथ ली।

# थाना रूपझर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***श्रीमान पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बैहर के मार्गदर्शन में थाना रूपझर पुलिस ने वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।***



प्राप्त जानकारी के अनुसार, माननीय न्यायालय बैहर के प्रकरण क्रमांक 873/2016, धारा 9, 49, 51 एवं 52 वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत आरोपी भृतु पिता जंगलू मरकाम (उम्र 48 वर्ष), निवासी ग्राम नारंगी, थाना रूपझर के विरुद्ध दिनांक 05 अगस्त 2025 को स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

दिनांक 21 जुलाई 2026 को थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर ग्राम लागमा एवं नारंगी में दबिश दी। पहचान की पुष्टि होने के बाद आरोपी को विधिवत गवाहों की उपस्थिति में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को देकर आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण की गई तथा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

इस सफल कार्रवाई में प्रधान आरक्षक 982 संतोष मरकाम, आरक्षक 1458 अवन सिंह उइके, आरक्षक 168 शिवराज उइके, आरक्षक 221 अभिषेक कोठी, आरक्षक 1100 कृष्णकुमार यादव, आरक्षक 96 जितेन्द्र मराठे तथा एसएएफ बल के अर्जुन मरावी एवं सुरेश मरावी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सराहनीय भूमिकाः

इस संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक कामेश धुर्वे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए आरोपी की सफल गिरफ्तारी सुनिश्चित की। टीम के सभी सदस्यों के समर्पण एवं सक्रियता की वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना की गई।

# सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए मध्य प्रदेश के सभी 20 जनजातीय जिलों में जनजातीय कार्य विभाग मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से 21वीं सदी के जीवन कौशल के सफल क्रियान्वन हेतु नॉलेज पार्टनर के रूप में मैजिक बस इंडिया***







फाउंडेशन के सहयोग से सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम का सफल संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के नियमित क्रियान्वयन के लिए बालाघाट जिले के परसवाड़ा विकासखंड के कन्या शिक्षा परिसर परसवाड़ा में शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दो बैचों में दिनांक 20 जुलाई और 21 जुलाई 2026 को आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों दिनेश कुमार वाहने, श्यामवती उपवंशी, योगेश्वरी बिसेन और राजू उईके के द्वारा प्रदान किया गया जिसमें प्रोग्राम मैनेजर सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण में पिछले वर्ष किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए तृतीय वर्ष के माड्यूल पर शिक्षकों की विस्तृत समझ विकसित की गई साथ ही जेंडर बदलाव , समता और समानता पर शिक्षकों के साथ गतिविधियों के माध्यम से चर्चा की गयी, साथ ही सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के प्रत्येक पहलुओं पर गतिविधि, डेमो एवं पी.पी.टी. के माध्यम से शिक्षकों की सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम पर समझ बनायी गयी।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में सहायक संचालक / विकासखंड अधिकारी श्री जयंत खांडवे सर के द्वारा शिक्षकों को सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के उद्देश्य, कार्यक्रम की आवश्यकता, स्कूलों में सफल क्रियान्वयन और सक्षम के सभी बिंदुओं पर स्कूल में कार्य करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया, इस प्रशिक्षण के संपूर्ण क्रियान्वयन और आयोजन में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री अरुण कुमार विठले सर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

प्रशिक्षण के सफल आयोजन में कन्या शिक्षा परिसर परसवाड़ा प्राचार्य डी.एस. उइके सर का विशेष सहयोग मिला।

# बैहर में पहली बार भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई

जगप्रेरणा बैहर।

***बैहर नगर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित शिव मंदिर से भगवान जगन्नाथ स्वामी की पहली भव्य शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। इस ऐतिहासिक आयोजन में बड़ी संख्या में नगर के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।***



शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान जगन्नाथ स्वामी का सुसज्जित रथ रहा, जिसे श्रद्धालुओं ने रस्सियों के माध्यम से खींचते हुए पूरे मार्ग पर भक्ति-भाव से आगे बढ़ाया। यात्रा के दौरान भक्तगण भजन-कीर्तन करते हुए नृत्य कर रहे थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

विशेष बात यह रही कि शोभायात्रा शुरू होने से पहले क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी, लेकिन जैसे ही भगवान जगन्नाथ स्वामी की यात्रा प्रारंभ हुई, वर्षा थम गई। इसे श्रद्धालुओं ने भगवान की विशेष कृपा के रूप में देखा।

पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया तथा विभिन्न स्थानों पर महाप्रसाद का वितरण भी होता रहा। शोभायात्रा का समापन खेरमाता मंदिर परिसर में हुआ, जहां विधि-विधान के साथ भगवान की पूजा-अर्चना की गई।

नगरवासियों ने इस प्रथम आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि बैहर में पहली बार भगवान जगन्नाथ स्वामी की इतनी भव्य यात्रा निकाली गई, जिसने सभी श्रद्धालुओं के मन में नई आस्था और उत्साह का संचार किया।

वार्ड क्रमांक 8 के धार्मिक आयोजनों में स्थानीय श्रद्धालुओं का सदैव सराहनीय सहयोग रहता है। इस आयोजन को सफल बनाने में सभी भक्तों, आयोजकों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं, शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था संभालने में पुलिस प्रशासन की भूमिका भी सराहनीय रही।

## 23 जुलाई को बालाघाट जिले के 3 हजार स्कूलों में गूंजेगी नशा मुक्ति की शपथ, 3 लाख विद्यार्थी लेंगे संकल्प

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रदेशव्यापी ÷नशे से दूरी अभियान÷ के अंतर्गत 23 जुलाई को बालाघाट जिले के लगभग 3 हजार शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में एक साथ नशे से दूरी की शपथ दिलाई जाएगी।***

इस अभियान में जिले के करीब 3 लाख विद्यार्थी भाग लेकर नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेंगे। पुलिस विभाग के नेतृत्व में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चल रहे विशेष पखवाड़े के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 जुलाई को सुबह 10 बजे से 11 बजे के बीच सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई जाएगी।

कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी संस्था प्रभारियों को 22 जुलाई को शपथ कार्यक्रम का रिहर्सल कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं 23 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम के फोटो, वीडियो एवं प्रतिवेदन संबंधित विभाग के माध्यम से नोडल विभाग पुलिस को भेजे जाएंगे।

अभियान के तहत प्रत्येक विद्यालय में एक शिक्षक, एक शिक्षिका तथा पांच-पांच विद्यार्थियों को ÷नशा मुक्ति मित्र÷ के रूप में नामित किया जाएगा। ये नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता फैलाने और समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने सभी विद्यालयों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से इस जन-जागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है, ताकि बालाघाट जिले को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को जनसहभागिता के माध्यम से सफल बनाया जा सके।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सड़क-नाली निर्माण की गुणवत्ता को लेकर नागरिकों में आक्रोश..

## गणेशपुर मार्ग के निर्माण में अनियमितता, लोगों ने उठाए गंभीर सवाल..

### नागरिकों ने की निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग..



जगप्रेरणा आमगांव।

***नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे सीमेंट क्रांक्रिट (सीसी) सड़क और नाली निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।***

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है तथा तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया. नागरिकों ने पूरे मामले की स्वतंत्र तकनीकी जांच कर दोषियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि सालेकसा रोड स्थित कोरे बार से गणेशपुर मार्ग के निर्माण कार्य में कई प्रकार की अनियमितताएं हुई हैं. उनका आरोप है कि जहां जल निकासी के लिए पुल या आवश्यक संरचनाएं बनाई जानी चाहिए थीं, वहां बिना उचित व्यवस्था किए सड़क का निर्माण कर दिया गया. इससे भविष्य में बरसात के दौरान जलभराव और सड़क को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है. स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि स्वीकृत तकनीकी मानकों के अनुसार सड़क निर्माण में 18 एमएम गिट्टी का उपयोग होना चाहिए था, लेकिन वास्तविक निर्माण में 14 एमएम गिट्टी का इस्तेमाल किया गया. नागरिकों का कहना है कि इससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन प्रभावित हो सकता है. साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों और अभियंताओं ने इन कथित अनियमितताओं की अनदेखी की. नागरिकों ने पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय

तकनीकी समिति से जांच कराने की मांग की है. उनका कहना है कि सार्वजनिक धन से होने वाले विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता. यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित ठेकेदार, अभियंता तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ीकार्रवाई की जाए. साथ ही निकृष्ट गुणवत्ता वाले कार्यों को संबंधित ठेकेदार से दोबारा करवाने की भी मांग की गई है

### इन नागरिकों ने उठाई आवाज..

इस मामले को लेकर तीरथ येटरे, अभय ठेगे, नितेश दोनोडे, बालू पंजारी, विनोद तावाडे, पिंकेश शेंडे, जगदीश चुटे, प्रशांत गायधने, धीरज ठाकरे, समीर पठान और राजू लाडसे समेत अन्य नागरिकों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

उनका कहना है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना नगर परिषद की जिम्मेदारी है नागरिक को ने यह भी आरोप लगाया है कि आमगांव नगरपरिषद मे पुरे निर्माण कार्य हो या फिर अन्य काम हो कुछ ही ठेकदारों को दिये जा रहे जबकि उन्होंने किये हुये निर्माण कार्य हो या फिर अन्य काम हो गुणवत्ता मानकों पर कभी भी खरे नही उतर रहे फिर भी उन्ही ठेकेदारो को बार-बार हरबार नगरपरिषद आमगांव के काम दिये जा रहे हैं उन्ही कुछ ठेकेदारो को ही काम क्यों दिये जा रहे हैं इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

### बोले मुख्याधिकारी प्रमोद कांबले..

'मैंने स्वयं संबंधित सड़क निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया है. निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि निर्माण कार्य में 18 एमएम गिट्टी का ही उपयोग किया गया है और कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप किया गया है. नगर परिषद पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार और तथ्यहीन हैं. नागरिकों से अपील है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और सिर्फ आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा रखें।'

# स्व. अजित दादा पवार की जयंती के अवसर पर सालेकसा में 22 से 28 जुलाई तक भव्य जनसेवा सप्ताह

### वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, मैराथन, खिलाड़ियों का सम्मान, कृषि सम्मान, रक्तदान शिविर एवं अल्पसंख्यक संवाद सहित विभिन्न सामाजिक उपक्रमों का आयोजन..

**जगप्रेरणा प्रा राकेश रोकडे सालेकसा।**

स्व. अजितदादा पवार (पूर्व उपमुख्यमंत्री, महाराष्ट्र राज्य) की जयंती के अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से सालेकसा में 22 जुलाई से 28 जुलाई 2026 तक 'जनसेवा सप्ताह' बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। सामाजिक हित की भावना को बढ़ावा देते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, खेल, कृषि, सामाजिक एकता और जनजागरण को प्राथमिकता देते हुए पूरे सप्ताह विभिन्न सामाजिक उपक्रमों का आयोजन किया गया है। इन उपक्रमों में विद्यार्थी, युवा, महिलाएं, किसान तथा आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा और पूरे तहसील में जनसेवा का संदेश पहुंचाया जाएगा।

जनसेवा सप्ताह की शुरुआत 22 जुलाई को वृक्षारोपण अभियान से होगी। तहसील कार्यालय सालेकसा, विद्यामंदिर विद्यालय रोंढा, पुलिस स्टेशन सालेकसा, पूर्ति पब्लिक स्कूल, वीर बिरसा मुंडा आश्रम स्कूल सालेकसा तथा मनोहरभाई पटेल महाविद्यालय सालेकसा में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। 23 जुलाई को बस स्टैंड परिसर सालेकसा, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक तथा महात्मा गांधी स्मारक परिसर में श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस उपक्रम के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर रखने का संदेश नागरिकों को दिया जाएगा। 24 जुलाई को वन विभाग कार्यालय चौक से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), सालेकसा तक भव्य मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके माध्यम से युवाओं में स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और खेल भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। 25 जुलाई को सालेकसा हाईस्कूल में विभिन्न खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। तहसील के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित कर उन्हें आगे की यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 26 जुलाई को प्रगतिशील, प्रयोगशील तथा महिला किसानों को 'माननीय अजितदादा कृषि सम्मान पुरस्कार' प्रदान कर कृषि क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान का सम्मान किया जाएगा। आधुनिक खेती, नवीन प्रयोगों और कृषि विकास के लिए कार्य करने वाले किसानों का सम्मान इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। 27 जुलाई को भाई रामसिंगजी गुरुद्वारा हॉल, स्टेशन रोड, सालेकसा में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जनसेवा सप्ताह के अंतिम दिन 28 जुलाई को सिंगलटोली, सालेकसा (मस्जिद के सामने) में 'अल्पसंख्यक सेवा संकल्प एवं संवाद'कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके माध्यम से सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और आपसी संवाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। इस संपूर्ण जनसेवा सप्ताह की योजना एवं सफल आयोजन के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पिछले



कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए हैं। राज्य महासचिव ओबीसी आघाड़ी प्रभाकर दोनोडे, तहसील अध्यक्ष डॉ. अजय उमाटे, शहराध्यक्ष ब्रजभूषण बैस, जिला महासचिव डॉ. हीरालाल साठवणे, श्री बिसराम चरजे, महिला तहसील अध्यक्ष श्रीमती गीता चौधरी, महिला शहराध्यक्ष श्रीमती सुनीता थेर, युवा तहसील अध्यक्ष बाजीराव तरोने, तहसील अल्पसंख्यक अध्यक्ष नासीर अली सैय्यद, तहसील युवती अध्यक्ष श्रीमती सुषमा राऊत, श्री किसान रहांगडाले, रघुदास नागपुरे, ध्रुवकुमार हुकरे, जियालाल बघेले, ललित किरसान, उषाताई वरहाडे, अहमद भाई पठाण, ओमप्रकाश लिल्हारे, सामाजिक न्याय विभाग के राजू डोंगरे, जितेंद्र बडोले, संतोष नागपुरे, ओमप्रकाश जगणीत, अंकित मिश्रा, श्रीमती सीता अवस्थी, श्रीमती आरती उपाध्याय तथा बबलू मानकर और राहुल जंगेरे सहित अन्य पदाधिकारी जनसेवा सप्ताह को सफल बनाने के लिए विशेष परिश्रम कर रहे हैं। प्रत्येक कार्यक्रम का योजनाबद्ध तरीके से आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि जनसेवा सप्ताह के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना, स्वच्छता के प्रति जनजागरण करना, रक्तदान जैसे जीवनदायी उपक्रमों को प्रोत्साहन देना तथा किसानों, खिलाड़ियों और समाज के विभिन्न वर्गों का सम्मान करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से सभी नागरिकों से इन सभी कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सहयोग करने का आह्वान किया गया है।

# आमगांव में 22 जुलाई को 'छत्रपति शिवाजी महाराज महसुल समाधान शिवीर' का आयोजन

### विशेष महसुल जनकल्याण शिबीर के ज़रिए महसुल और अलग-अलग सरकारी विभागों की शिकायतों का मौके पर ही हल किया जाएगा; लोगों से ज़्यादा से ज़्यादा हिस्सा लेने की अपील..

जगप्रेरणा आमगांव।

***महाराष्ट्र सरकार के महसुल और वनविभाग के ज़रिए, महसुल विभाग विधानसभा क्षेत्र 66 आमगांव के साथ मिलकर, 'छत्रपति शिवाजी महाराज महसुल समाधान शिवीर' और 'विशेष महसुल जनकल्याण शिबीर'***

बुधवार, तारीख 22 जुलाई 2026 को सुबह 10.00 बजे विजयलक्ष्मी सभागुह रिसामा, रेलवे स्टेशन रोड, आमगांव में लगाया गया है। माननीय मुख्यमंत्री के जन्मदिन और पूर्व उपमुख्यमंत्री मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीतदादा पवार की जयंती के मौके पर लगाया गया यह खास शिबीर, राज्य सरकार के लोगों को ध्यान में रखकर काम करने वाले लोकाभिमुख प्रशासन को मज़बूत करेगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों, महिलाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की राजस्व और अन्य विभागों से जुड़ी दैनिक समस्याओं का एक ही छत के नीचे तुरंत और प्रभावी तरीके से समाधान करना है। राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जनोन्मुखी, कुशल और गतिशील बनाने के लिए आयोजित इस शिविर में राजस्व विभाग सहित विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और नागरिकों की शिकायतों, आवेदनों, लंबित मामलों, राजस्व समस्याओं और विभिन्न योजनाओं पर मार्गदर्शन करेंगे और तत्काल कार्रवाई करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थियों तक सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तेज गति से पहुंचाना है। सांसद डॉ. नामदेवराव किरसान द्वारा शिविर का उद्घाटन किया जाएगा और अध्यक्षता माननीय संजयभाऊ पुराम, विधायक, आमगांव विधानसभा क्षेत्र करेंगे। इस मौके पर सुरेश यशवंतराव हर्षे, उपाध्यक्ष जिला परिषद गोंदिया, माननीय योगिताबाई यशवंतराव पुंडे,सभापती पंचायत समिति आमगांव, विनिताई युवराज कटरे सभापती पंचायत समिति सालेकसा, माननीय अनिलकुमार दासाराम बिसेन, सभापती पंचायत समिति देवरी, माननीय शालिकराम रतन गुरुनुले, उपसभापति पंचायत समिति देवरी, सुनंदा तेजराम उके उपसभापति चेयरपर्सन पंचायत समिति आमगांव, जितेंद्र किशोर बल्हारे, उपसभापति पंचायत समिति सालेकसा, संजू शेषलाल उइके, नगराध्यक्ष नगर पंचायत देवरी, विजय सुदाम फुंडे, नगराध्यक्ष नगर पंचायत सालेकसा, प्रज्ञा प्रमोद संगीडवार, उपाध्यक्ष नगर पंचायत देवरी और कुंदन भारतभाऊ वाहेकर, उपाध्यक्ष नगर पंचायत सालेकसा मौजूद रहेंगे। इस खास शिबीर में जाति, इनकम, डोमिसाइल, उम्र सर्टिफिकेट, 7/12 का बदलाव, अकाउंट खोलना, रेवेन्यू केस, अलग-अलग सरकारी स्कीम के लिए एप्लीकेशन, सोशल जस्टिस, महिला और बाल कल्याण, एजुकेशन स्कीम, खेती से जुड़े मामले और दूसरे सरकारी डिपार्टमेंट से जुड़ी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। अलग-अलग डिपार्टमेंट के सीनियर ऑफिसर खुद मौजूद रहकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उन्हें हल करेंगे।

यह शिवीर देवरी की उपविभागीय अधिकारी कविता गायकवाड़ और आमगांव के उपविभागीय अधिकारी सौरभ रंगाटे (प्रोबेशनरी डिप्टी कलेक्टर) की मार्गदर्शन में लगाया जा रहा है। इसके लिए मोनिका कांबले (तहसीलदार, आमगांव), धनंजय देशमुख (तहसीलदार, देवरी), नरसैया कोंडागुरले (तहसीलदार, सालेकसा), नवनाथ कटकड़े (एडिशनल तहसीलदार, चिचगढ़) के साथ-साथ रेवेन्यू डिपार्टमेंट के सभी ऑफिसर और कर्मचारी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। तालुका के सभी नागरिक, किसान, छात्र, महिलाएं, सीनियर सिटिजन और लाभार्थी 22 जुलाई 2026 को सुबह 10.00 बजे विजयलक्ष्मी सभागुह रिसामा, आमगांव में आयोजित 'छत्रपति शिवाजी महाराज विशेष महसुल शिबीर' में बड़ी संख्या में शामिल हों और अपनी शिकायतों, मुश्किलों और लंबित महसुल मामलों का तुरंत समाधान करवाएं। साथ ही, सरकार की अलग-अलग जनकल्याण योजनाओं का फायदा उठाकर इस जनहित पहल को सफल बनाएं, ऐसी अपील तहसीलदार श्रीमती मोनिका कांबले और महसुल प्रशासन ने की है।

# पांढराबोड़ी ग्राम पंचायत में 17 लाख रुपये के कथित भ्रष्टाचार का आरोप, जांच रिपोर्ट के बाद मचा बवाल, सरपंच-उपसरपंच ने सभी आरोप नकारे?

### शिकायतकर्ताओं ने वसूली और कार्रवाई की उठाई मांग, सरपंच बोले—'यदि दोषी हूं तो कार्रवाई करें, उपसरपंच ने बताया राजनीतिक साजिश?



सरपंच झुमकलाल दमाहे



उपसरपंच विनोद चौव्हाण

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया तहसील की ग्राम पंचायत पांढराबोड़ी में करीब 17 लाख रुपये के कथित वित्तीय भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्राम पंचायत सदस्य रीना राजेश नागपुरे एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा पंचायत समिति***

में की गई शिकायत के आधार पर विस्तार अधिकारी द्वारा जांच किए जाने का दावा किया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जांच रिपोर्ट में विभिन्न योजनाओं में वित्तीय अनियमितताओं और राशि की वसूली की अनुशंसा की गई है। हालांकि, इस रिपोर्ट की आधिकारिक पुष्टि प्रशासन की ओर से सार्वजनिक रूप से नहीं की गई है।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार जांच में वर्ष 2024-25 के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत लगभग 9 लाख रुपये, दलित वस्ती सुधार योजना के 3.30 लाख रुपये तथा वर्ष 2025-26 में ग्राम निधि के 2.83 लाख रुपये के भुगतान बिना सक्षम तकनीकी अधिकारी की स्वीकृति के किए जाने का उल्लेख है। कुल मिलाकर करीब 15 लाख रुपये के भुगतान पर सवाल उठाए गए हैं। आरोप यह भी है कि ग्राम पंचायत में रोजगार गारंटी योजना के कई कार्य मौके पर नहीं कराए गए और सरपंच, उपसरपंच तथा उनके परिजनों के नाम पर कथित रूप से फर्जी हाजिरी लगाकर 9 लाख रुपये से अधिक की मजदूरी राशि निकाली गई। शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि नागपुर में कार्यरत नैनचंद नकुलचंद लिल्हारे को नाली सफाई कर्मचारी दर्शाकर 21,500 रुपये का भुगतान किया गया, जबकि उन्होंने गांव में कार्य नहीं किया।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत द्वारा पेयजल व्यवस्था सहित अन्य सामग्री खरीदी में निर्धारित निविदा प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया तथा बाजार मूल्य से अधिक दरों पर सामग्री खरीदी गई। साथ ही वर्ष 2024-25 में 20,317 रुपये तथा वर्ष 2025-26 में 9,902 रुपये, कुल 30,219 रुपये टीडीएस काटने के बावजूद संबंधित विभाग में जमा नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है।

इसके अलावा 15वें वित्त आयोग के तहत उपसरपंच की पत्नी बुद्धशीला विनोद चौव्हाण के नाम पर 11 हजार रुपये मजदूरी भुगतान किए जाने पर भी शिकायतकर्ताओं ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि संबंधित कार्यस्थल पर उन्हें कभी मजदूरी करते नहीं देखा गया। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि रोजगार गारंटी योजना, 15वें वित्त आयोग, ग्राम निधि, बैंक पासबुक, स्वीकृत देयक, अनुमान पत्रक, मासिक सभा एवं ग्रामसभा की कार्यवाही पुस्तिका सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध नहीं मिले, जिससे जांच प्रभावित हुई।

इन आरोपों के बीच सरपंच झुमकलाल दमाहे ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि बिना पुख्ता प्रमाण के भ्रष्टाचार के आरोप लगाना उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि उन्होंने पंचायत समिति में आवेदन देकर जांच रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति मांगी है। यदि जांच में वे दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफनियमानुसार कार्रवाई की जाए, लेकिन बिना अधिकृत रिपोर्ट के आधार पर समाचार प्रकाशित करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वे न्यायालय की शरण भी लेंगे।

वहीं उपसरपंच विनोद चौव्हाण ने पूरे मामले को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताते हुए कहा कि कुछ लोग ग्राम पंचायत और गांव की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे पंचायत समिति के बीडीओ एवं सभापति से मिलकर अपना पक्ष रख चुके हैं तथा जांच के लिए सभी दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे। उनका दावा है कि ग्राम पंचायत में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हुआ है और जांच पूरी होने के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी।

इस समाचार में उल्लिखित वित्तीय अनियमितताओं एवं राशि संबंधी सभी आरोप शिकायतकर्ताओं और कथित जांच रिपोर्ट के दावों पर आधारित हैं। आरोपों की अंतिम पुष्टि संबंधित सक्षम प्राधिकारी की जांच एवं प्रशासनिक निर्णय के बाद ही मानी जाएगी।

# जि. प. सदस्य विमल बबलू कटरे का कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में चयन

### गोंदिया जिले सहित सालेकसा तहसील के लिए गौरव का विषय

जगप्रेरणा प्रा राकेश रोकड़े सालेकसा।




***अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के ओबीसी विभाग की महिला शाखा द्वारा हाल ही में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। दिनांक 19 जुलाई 2026 को प्राप्त आधिकारिक पत्र के अनुसार, गोंदिया जिले के अत्यंत***

संवेदनशील व नक्षलग्रस्त के रूप मे पहचाना जाने वाले सालेकसा तहसील का प्रतिनिधित्व करने वाली तथा तिरखेडी जिला परिषद सदस्य विमल बबलू कटरे का कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी (ओबीसी महिला विभाग) में चयन किया गया है। उनके इस चयन से गोंदिया जिले के गौरव में वृद्धि हुई है। राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से उन्हें बधाइयां दी जा रही हैं। महाराष्ट्र राज्य से कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति में ओबीसी महिला विभाग से केवल दो महिलाओं को स्थान मिला है। इनमें मंगला विलास भुजबळ और दूसरी विमल बबलू कटरे का समावेश है।



### चारों ओर से बधाइयों की बौछार..

कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, महिला पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा विमल बबलू कटरे को बधाइयां दी जा रही हैं।

उनकी नियुक्ति से एक सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाली, निरंतर संघर्ष करने के लिए तत्पर रहने वाली तथा आम जनता और ओबीसी समाज के प्रश्नों को लगातार उठाने वाली कार्यकर्ता को इतने महत्वपूर्ण पद पर सम्मान मिलने से कांग्रेस संगठन में कार्यकर्ताओं की निष्ठा और मेहनत को उचित सम्मान मिल रहा है, ऐसा विश्वास व्यक्त किया जा रहा है।

## ऑनलाईन ठगी मे साथ देने के मामले मे खाता धारक पर मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार तिरोडा मे एच डी एफ सी बँक के खाताधारक शाकीर शरीफशेख उम्र 21 वर्ष निवासी तिरोडा ने अपने बँक खाते मे ऑनलाईन ठगी के पैसे लेने और आरोपी को देने की सहमती देने के आरोप मे फर्यादी पोहवा विनोद नामदेव बिल्लोरे पोस्टे तिरोडा की शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 692/2026 धारा 61,2,318,4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी कवडे पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

## नाबालिक लड़के द्वारा मां पिता को मारपीट, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/7/2026 के सुबह 8.45 बजे के दरम्यान बोरगाव मे फर्यादी महेन्द्र तिलकचंद सोनेवाने उम्र 45 वर्ष निवासी बोरगाव और आरोपी बेटा होकर घटना के समय आरोपी विधीसंघर्ष बालक ने घर मे हुवे विवाद पर पिता को लकडी से सरपर मारकर जख्मी किया, मां बीच बचाव करने आयी तो उसे भी मारपीट की और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोरेगांव मे अपराध क्रमांक 468/2026 धारा 118, 1, 115, 2, 352, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा गौरीशंकर कोरे 1642 पोलीस स्टेशन गोरेगांव कर रहे है।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



हरियाली की चादर बारिश का मौसम आते ही छोटे पौधों पर हरियाली छा जाती है जिससे मानो धरती ने हरे रंग की चादर ओढ़ ली है ऐसा प्रतीत होता है
छाया-गणेश भदाडे

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

अंकुर टेस्ट ट्यूब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएें..
■ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अश्टविनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# पृथक विदर्भ की मांग को लेकर सिंधखेड़राजा में 25 जुलाई को होगा भव्य जनजागरण आंदोलन..

■ विदर्भ राज्य आंदोलन समिति नेता पूर्व विधायक वामनराव चटप ने विदर्भवासियों से किया विदर्भ की आवाज बुलंद करने का आहवान..

■ बोले.. 31 दिसंबर 2027 से पहले विदर्भ निर्माण का लक्ष्य, 'विराआस' चलाएगी जनजागरण अभियान..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया के शासकीय रेस्ट हाऊस में आज 21 जुलाई 2026 को दोपहर 3 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर विदर्भ राज्य आंदोलन समिति (विराआस) ने 'मिशन 2027' के तहत 31 दिसंबर 2027 से पूर्व स्वतंत्र विदर्भ राज्य प्राप्त करने का दृढ़ संकल्प बताते हुए इस लक्ष्य को हासिल करने समिति द्वारा विदर्भ के 11 जिलों और 120 तालुकों के गांवों तथा शहरों में*

व्यापक जनजागरण अभियान और 'विदर्भ निर्माण जनसंकल्प मेलों' की श्रृंखला शुरू करने की जानकारी दी, तथा कहा कि आमगांव से खामगांव तक आंदोलन के स्वरुप में आगे बढ़ाते हुए सिंधखेड़राजा से विदर्भ आंदोलन की प्रखर शुरुआत करने जा रहे हैं।

अभियान की शुरुआत राष्ट्रमाता जिजाऊ के मायके, सिंधखेड़राजा से 25 जुलाई 2026 को की जायेगी, तथा इसके पश्चात, क्रांति दिवस के अवसर पर 9 अगस्त 2026 को नागपुर स्थित दीक्षाभूमि से संविधान चौक तक भव्य 'लॉन्ग मार्च' निकाला जाएगा। 09 अगस्त को दोपहर 1:30 बजे संविधान चौक पर 'विदर्भ निर्माण जनसंकल्प जाहिर सभा' आयोजित होगी, जहाँ से महाराष्ट्र वादियों विदर्भ छोड़ो और महाराष्ट्र वादी चले जाओ के नारों के साथ केंद्र सरकार से विदर्भ की 121 वर्ष पुरानी मांग को पूरा करने की अपील की जाएगी।

## ■ अहेरी में 8 सितंबर को बड़ा आंदोलन..

प्रेस कॉन्फ्रेंस में वामनराव चटप ने बताया कि गढ़चिरोली जिले के अहेरी, एटापल्ली, मुलचेरा, भामरागढ़, सिरोंचा और अलोपल्ली जैसे जनजातीय क्षेत्रों में पृथक राज्य की मांग की ज्वाला को पुनः प्रज्वलित करने के उद्देश्य से 8 सितंबर 2026 को अहेरी में 'विदर्भ निर्माण जनसंकल्प मेले' का आयोजन किया जाएगा।

## ■ पिछड़ेपन और आर्थिक संकट का हवाला..

समिति के नेताओं ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि निरंतर विदर्भ के विकास की उपेक्षा की जा रही है। विदर्भ में 60 हजार करोड़ रुपये का बैकलॉग (अनुशेष) रहने से 131 बांधों का काम अटका हुआ है, जिससे 14 लाख हेक्टेयर जमीन सिंचाई से वंचित है। सिंचाई की कमी से किसानों की आत्महत्याएं जारी हैं। विदर्भ में 66 लाख शिक्षित बेरोजगार हैं और एआई तकनीक के आने से संकट और गहराने की आशंका है। स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना में 15 हजार करोड़ का अनुशेष है। थर्मल पावर प्लांट के प्रदूषण और कुपोषण की समस्या गंभीर बनी हुई है।

राज्य सरकार का कुल कर्ज और देनदारियां 12 लाख 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी हैं, जिससे विदर्भ का विकास संभव नहीं दिख रहा। विदर्भ राज्य आंदोलन समिति ने संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केंद्र सरकार, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री से तत्काल पृथक विदर्भ राज्य के गठन की प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है।

## ■ यह रहे उपस्थित..

विदर्भ राज्य आंदोलन समिति की प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रमुख रुप से एड. वामनराव चटप (पूर्व विधायक), मुकेश मासुरकर, अरुण केदार, सुनील चोखारे, डॉ. रमेश गजबे, गोंदिया के विदर्भवादी वरिष्ठ नेता छैलबिहारी अग्रवाल, अरुण मुनघाटे, राजेंद्रसिंह ठाकुर, अशोक पोरड्डीवार, अतुल सतदेवे, राखी भारद्वाज, वसंतराव गवली, अरुण बन्नाटे, दिलीप गौतम, भूपेंद्र पटेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी उपस्थित थी।

### स्व. अजितदादा पवार जयंती पर गोंदिया जिले में

# राष्ट्रवादी कांग्रेस द्वारा 22 से 28 जुलाई तक मनाया जाएगा जनसेवा सप्ताह..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. अजितदादा पवार की जयंती के अवसर पर 22 से 28 जुलाई 2026 तक जिलेभर में जनसेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सांसद प्रफुल पटेल एवं सांसद राजेंद्र जैन के मार्गदर्शन में*

किया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और समाजसेवा से जुड़े अनेक जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 22 जुलाई को सुबह 10 बजे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कार्यालय में स्व. अजितदादा पवार को श्रद्धांजलि एवं जयंती समारोह के साथ वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी दिन कटंगी स्थित जिला परिषद माध्यमिक विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता, रजेगांव में स्वास्थ्य जांच शिविर, गोंदिया जिला मध्यवर्ती बैंक में कार्यक्रम तथा विमलताई स्कूल, विजय नगर में पर्यावरण विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

संस्कार स्कूल, हरिकाशी नगर में स्वास्थ्य जांच शिविर, कुडवा वार्ड क्रमांक 5 स्थित दुर्गा मंदिर परिसर, एकोडी एवं अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण और जनजागरूकता कार्यक्रम भी होंगे। 23 जुलाई को कुडवा रोड स्थित वैभव लॉन में स्वास्थ्य जांच शिविर तथा कुंभारे नगर स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 24 जुलाई को मरारटोली स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर हॉल में स्वास्थ्य जांच शिविर, धामनेवाड़ा में उपकेंद्र भवन का उद्घाटन एवं नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर, कटंगीकला उपकेंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर तथा नागपुर मुर्री के दुर्गा चौक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 25 जुलाई को जी.ई.एस. हाईस्कूल, रावणवाड़ी में स्वास्थ्य जांच एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम, एकोडी क्षेत्र के सभी जिला परिषद विद्यालयों में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता तथा दासगांव और कामठा के जी.ई.एस. हाईस्कूल में वृक्षारोपण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित होंगे।

26 जुलाई को ग्राम खमारी की जिला परिषद शाला तथा एम.आई.ई.टी. कॉलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 27 जुलाई को हनुमानटोली, जुनेवानी, पैकाटोला एवं शंकरटोली में विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों एवं शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया जाएगा। 28 जुलाई को जनसेवा सप्ताह के समापन अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जनसेवा सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा एवं सामाजिक सेवा को बढ़ावा देने के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# गोंदिया अपराध शाख की बडी कार्रवाई, चावल से भरा ट्रक लूटने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश..

■ 18.13 लाख का माल किया बरामद..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय व स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने रावणवाड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सावरी में घटित चावल से भरे ट्रक की डकैती*

का पर्दाफाश करते हुए 18,13,699 रुपये का माल जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश के प्रयागराज का निवासी ट्रक ड्राइवर नवीन रामचंद्र मौर्या मध्य प्रदेश से 30 टन 765 किलो चावल (कीमत रुपये 8 लाख) भरकर गोंदिया की ओर आ रहा था। 16 जुलाई की रात करीब 12 बजे सावरी बस स्टॉप के पास आराम करने के दौरान अज्ञात बदमाशों ने पानी मांगने के बहाने ट्रक में प्रवेश किया। बदमाशों ने ड्राइवर से मारपीट की, चाकू की नोक पर हाथ-पैर बांधकर उसे झाड़ से बांध दिया और 10 लाख रुपये के ट्रक सहित पूरा चांवल लूटकर फरार हो गए। रावणवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के निर्देशानुसार स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुड़े और उनकी टीम ने तकनीकी जांच और खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई की। छानबीन के दौरान संदिग्ध आरोपी संजय कुमार राजकुमार दमाहे उम्र 20 वर्ष, निवासी कोहका, रावणवाड़ी, गोंदिया को हिरासत में लिया गया। कड़ी पूछताछ में उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस डकैती को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के पास से 30 टन 765 किलो चावल जिसका मूल्यः रुपये 8,19,691/- है, तथा टाटा ट्रक किमत रुपये 10 लाख इस प्रकार कुल 18 लाख 13 हजार 699/- की माल व संपत्ति जब्त की है। मुख्य आरोपी संजय दमाहे को रावणवाड़ी पुलिस के हवाले कर दिया गया है तथा फरार अन्य सह-आरोपियों की सरगर्मी से तलाश जारी है।

# लायंस क्लब गोंदिया रॉयल द्वारा संपूर्ण रॉयल परिवार के साथ मिलकर किया गया वृहद वृक्षारोपण..

बोर्ड मीटिंग का भी किया गया सफल आयोजन..

बच्चो ने भी लगाए पौधे, समझाया गया वृक्षारोपण का महत्व..








जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिले में सामाजिक सेवाओं में अग्रणी संस्था लॉयंस क्लग गोंदिया रॉयल द्वारा प्रतिवर्ष वर्षाऋतु में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं,*

तथा इसी क्रम में लॉयंस क्लब गोंदिया रॉयल द्वारा अध्यक्ष ला. अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में 19 जुलाई दिन रविवार को वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संपूर्ण रॉयल परिवार ने मिलकर क्लब के सदस्य विनय शाहू के फार्म हाउस में पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों एवं लायनेस सदस्यों के साथ ही बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विशेष रुप से बच्चों को वृक्षारोपण का महत्व भी समझाया गया। कार्यक्रम के पश्चात क्लब की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें आगामी सेवा प्रकल्पों, सदस्यता विस्तार एवं वर्षभर की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए और क्लब की भावी योजनाओं को लेकर सकारात्मक विचार साझा किए। इस अवसर पर आयोजित ग्रामीण भोज का सभी सदस्यों ने आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम में क्लब के 80 से अधिक सदस्य एवं परिवारजन उपस्थित रहे, जिससे आयोजन अत्यंत सफल एवं यादगार बन गया। लायंस क्लब गोंदिया रॉयल परिवार की ओर से श्री विनय शाहू एवं उनके परिवार का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने अपने फार्म हाउस में इस सुंदर आयोजन की मेजबानी की।

# किसानों का विकास जीआई टेकिंग से संभव - अविनाश लाड

जगप्रेरणा गोंदिया।

*नाबार्ड के माध्यम से संपूर्ण देश में रोड़-रास्ते बहुत बनाए गए है. किसानी के सेक्टर में पैसा बहुत है. वही अब फोकस जीआई टेकिंग पर कर रहे है। जीआई टेकिंग वाले प्रोडक्ट की कीमत अधिक बढ़ जाती है, जिससे जीआई टेकिंग से किसानों का विकास संभव है। उक्त आशय के विचार नाबार्ड के जिला महाप्रबंधक अविनाश लाड ने राधाबाई नर्सिंग स्कूल के हॉल मे श्री गणेश ग्रामीण विकास शिक्षण संस्था गोंदिया व नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में नाबार्ड के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष पद से मार्गदर्शन करते हुए व्यक्त किए।*






प्रमुख अतिथियों के रूप में जिला डीडीआर योगेश भाकरे, श्री ग्रामीण विकास शिक्षण संस्था के सचिव विजय बहेकार, प्रा. सविता बेदरकर, प्रा. रामकृष्ण चौधरी, पूर्व खंडविकास अधिकारी सुदेश वाघाये आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के हस्ते महापुरुषों के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर की गई। इस कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए विजय बहेकार ने बताया कि गरीबी उन्मूलन व ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए नाबार्ड प्रयास कर रहा है। नाबार्ड के माध्यम से अलग-अलग उपक्रम शुरू है। महिलाओं के लिए भारत में सबसे पहले बचत गटों की स्थापना की गई। एल.जी.एल. ग्रुप, फार्मस क्लब, प्रोड्युशन कंपनी आदि से किसानों की आय बढ़ाने का कार्य किया गया। डीडीआर भाकरे ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि देश में खाद्यान्न के बडे-बडे गोदाम नाबार्ड की वजह से बने है. जिससे देश में खाद्यान्न की कमी नही है।

नाबार्ड का कार्य प्रशंसनीय है। देश के विकास में नाबार्ड का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रा. चौधरी ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि डा. बाबासाहेब आंबेडकर के प्राब्लन ऑफ रूपी के आधार पर नाबार्ड की स्थापना की गई. जिसका मूल आधार ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम करना है। प्रा. सविता बेदरकर ने भी प्रसंगावधान विचार रखे। इस अवसर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को किसानों की विभिन्न फसलों व उत्पादनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन रेखा बानेवार ने किया व आभार नाबार्ड के ललित टेंभरे ने माना। ज्योती वारे सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने सहयोग किया।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
SUSHRUT PROCTO AYURVEDA GONDIA
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
● अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
● शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
● रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com